# मेट्रो Rays
आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, गुरुवार, 25 सितंबर 2025

संवत 2082, आश्विन शुक्ल पक्ष 4 मूल्य-2 रुपये

वर्ष-9, अंक 20 , पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▸▸ गुणवत्ता से परिपूर्ण हो बुजुर्ग जीवन

रानी मुखर्जी ने पिता को समर्पित किया राष्ट्रीय पुरस्कार ◂◂ 6




## शारदीय नवरात्रः चौथा दिन

### देवी कूष्मांडा

**शारदीय** नवरात्रि में नवदुर्गा पर्व के चौथे दिन चतुर्थी की देवी मां कूष्मांडा का पूजन किया जाता है। इसके बाद उनकी पौराणिक कथा या कहानी पढ़ी या सुनी जाती है। देवी कूष्मांडा की आठ भुजाएं हैं, इसलिए अष्टभुजा कहलाईं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष, बाण, कमल-पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं। आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जप माला है। इन्हें कुम्हड़े की बलि प्रिय है। संस्कृति में कुम्हड़े को कुष्मांड कहते हैं इसलिए इस देवी को कूष्मांडा। इनके शरीर की कांति और प्रभा सूर्य की भांति ही दैदीप्यमान है। इनके ही तेज से दसों दिशाएं आलोकित हैं। ब्रह्मांड की सभी वस्तुओं और प्राणियों में इन्हीं का तेज व्याप्त है। इस देवी का वास सूर्यमंडल के भीतर लोक में है। सूर्यलोक में रहने की शक्ति क्षमता केवल इन्हीं में है।

**प्रार्थना**

**कुत्सित कूष्मा कूष्मा-त्रिविधतापयुत संसार,**
**स अण्डे मांसपेश्यामुदररूपायां यस्या सा कूष्मांडा।**

**स्तुति**

**या देवी सर्वभूतेषु माँ कूष्माण्डा रूपेण संस्थिता।**
**नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमस्तस्यै नमो नमः॥**

# ग्रामीण इलाकों में घुसा 42 हाथियों का झुंड फसलों को कर रहा बर्बाद, दहशत में ग्रामीण



**बोकारो:** राज्य में मानसून की बारिश लगातार जारी है, लेकिन इसी बीच हाथियों का झुंड गांवों में घुसकर उत्पात मचा रहा है। बोकारो और हजारीबाग जिलों में गजराजों का आतंक इस कदर बढ़ गया है कि किसानों की नींद उड़ गई है। हाथियों के झुंड ने फसलों को बर्बाद करने से लेकर ग्रामीण इलाकों में दहशत फैलाने तक लोगों को परेशान कर रखा है। स्टील सिटी बोकारो के जंगल क्षेत्र में इन दिनों 42 हाथियों का विशाल झुंड डेरा डाले हुए है, जिसमें तीन छोटे हाथी भी शामिल हैं। यह दल आए दिन गांवों में घुसकर धान और मक्का की फसल रौंद रहा है। कई जगह खेत पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। किसान बार-बार वन विभाग से गुहार लगा रहे हैं, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है।

वहीं हजारीबाग जिले के टाटीझरिया इलाके में भी 30 हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए है। हाथियों ने यहां के कई गांवों में तबाही मचाई है। टाटीझरिया निवासी किसान महेंद्र राम ने बताया कि सैकड़ों एकड़ में लगी फसल बर्बाद हो चुकी है। किसानों को अब भारी आर्थिक नुकसान का डर सता रहा है। वे सरकार से तात्कालिक मुआवजा देने की मांग कर रहे हैं। ग्रामीण इलाकों में हाथियों की दहशत इतनी बढ़ गई है कि लोग खेतों की रखवाली के लिए रातभर जाग रहे हैं। गांवों में महिलाएं और बच्चे भी भय के माहौल में जी रहे हैं। किसान कह रहे हैं कि मेहनत और लागत से तैयार फसल पलभर में बर्बाद हो जा रही है।

वन विभाग की नजर लगातार हाथियों की गतिविधियों पर है। बोकारो और हजारीबाग के अधिकारियों ने बताया कि हाथियों को जंगल की ओर खदेड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। वन विभाग के अधिकारी संदीप शिंदे ने कहा,हाथियों की गतिविधियों पर हमारी टीम नजर रख रही है। ग्रामीण सतर्क और सजग रहें। हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं ताकि हाथियों को आबादी से दूर रखा जा सके।


गौरतलब है कि दो-तीन दिन पहले रामगढ़ जिले में भी हाथियों का झुंड डेरा डाले हुए था। वहां से खदेड़े जाने के बाद यह झुंड बोकारो और हजारीबाग की ओर निकल आया। बोकारो में जंगलों और गांवों में फैले 42 हाथियों में से कुछ हाथी अब हजारीबाग के टाटीझरिया क्षेत्र में जम गए हैं। लगातार हाथियों के आने-जाने से ग्रामीण दहशत में हैं। लोग घर से बाहर निकलने में डर महसूस कर रहे हैं। गांव के चौक-चौराहों पर हाथियों के झुंड को लेकर चर्चा का माहौल है। बच्चे घरों से बाहर खेलने नहीं निकल पा रहे हैं।

वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि लगातार बारिश और जंगलों में भोजन की कमी के कारण हाथी अब गांवों की ओर रुख कर रहे हैं। फसलें उनके लिए आसान भोजन का साधन बन गई हैं। विशेषज्ञों ने सरकार को सुझाव दिया कि प्रभावित क्षेत्रों में फसलों के नुकसान का आकलन कर किसानों को त्वरित मुआवजा दिया जाए।

## कुएं में गिरा दो हाथी, वन विभाग ने शुरू किया रेस्क्यू ऑपरेशन

**रामगढ़:** जिले के गोला वन क्षेत्र स्थित परसाडीह जंगल में गुरूवार की सुबह एक कुएं में दो हाथी गिर गए। बताया जाता है कि दोनों हाथी झुंड से बिछड़कर कुएं में गिर गए है।

दो हाथी के कुएं में गिरने की खबर मिलने के बाद ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर जमा हो गई। वहीं वन विभाग को भी दो हाथी के कुएं में गिरने की जानकारी दे दी गई है। वन विभाग ने हाथियों को कुएं से बाहर निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया है। माना जा रहा है कि जो हाथियों को झुंड बोकारो के ग्रामीण इलाकों में घुस गया है, उसी झुंड का ये हिस्सा हो सकते है।

न्यूज IN ब्रीफ

## चतरा महाविद्यालय के शिक्षा शास्त्र विभाग में संगोष्ठी का आयोजन

**चतराः** चतरा महाविद्यालय, चतरा के शिक्षाशास्त्र विभाग में भारतीय ज्ञान परम्परा एवं नारी शक्ति में आधुनिक भारतीय शिक्षा विषय पर बुधवार को संगोष्ठी का आयोजन किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार झा के द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया। अपने संबोधन में उन्होंने भारतीय दर्शन और गुरुकुल परम्परा में नारी शिक्षा की महत्ता पर प्रकाश डाला।विभागाध्यक्ष डॉ. नंदकिशोर सिंह ने नारी शक्ति की तुलना नवदुर्गा के रूपों से करते हुए कहा कि नारी माँ बनकर पालन-पोषण कर सकती है तो वहीं काली बनकर दुष्टों का संहार भी कर सकती है। उन्होंने कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञानार्जन नहीं बल्कि नैतिक मूल्यों का विकास है, और भारतीय ज्ञान परम्परा के संवर्धन से ही महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण बढ़ेगा।प्रशिक्षुओं द्वारा प्रस्तुत विभिन्न कार्यक्रमों ने उपस्थित जनों का मन मोह लिया।संगोष्ठी में प्रो. प्रेम बसंत बाखला, प्रो. शोभा कुजुर, प्रो. अमित सिंह, प्रो. एल्विन बाखला, प्रो. अतुल अनुराग एवं प्रो. अशोक अभिषेक उपस्थित रहे।धन्यवाद ज्ञापन प्रो. शोभा कुजुर द्वारा किया गया।मंच संचालन का कार्य बैद्यनाथ और शशि ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में बी.एड. प्रशिक्षु समीर, प्रशांत, बैद्यनाथ, शशि एवं दीपक ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## चतरा के प्रवासी मजदूर की बिहार के कैमूर में मौत

**चतरा :** झारखंड के प्रवासी मजदूरों के मौत का सिलसिला थमता नजर नहीं आ रहा है। जिले के हंटरगंज थाना क्षेत्र से एक दिल दहला देने वाली खबर सामने आई है। क्षेत्र के काशीकेवाल गांव निवासी रमन यादव के 45 वर्षीय पुत्र शीतल यादव अपनी दो बेटियों की शादी में हुई कर्ज के बोझ से उबरने के लिए बिहार के कैमूर जिला के मोहनिया थाना क्षेत्र के मुठानी गांव दिल्ली-कोलकाता हाईवे के समीप राधाकृष्ण होटल में कुक का काम करने के लिय गया था। जहां से बुधवार अहले सुबह होटल मालिक ने परिजनों को बताया कि शीतल की मौत सड़क हादसे में हो गयी है। मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इसके बाद ग्रामीण मृतक का शव को लाने के लिए कैमूर निकल गए।पुलिस ने भभुआ सदर अस्पताल से पोस्टमार्टम करवाकर कागजी प्रकिया पूरा करने के बाद शव को ग्रामीणों को सौंप दी। इधर ग्रामीणों ने बुधवार देर शाम शव को पैतृक गांव काशीकेवाल लाया।शव पहुंचते ही परिजनों को करुण चीत्कार से माहौल गमगीन हो गया।मृतक की पत्नी, दो पुत्र व एक पुत्री का रो-रोककर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने बताया कि 5 वर्ष पूर्व दो बेटीयों की शादी में हुई कर्ज के बोझ से उबरने के लिए शीतल पांच वर्ष से ही मोहनिया के राधाकृष्ण होटल में कुक का काम करता आ रहा था। शव को लाने गए ग्रामीणों ने बताया कि शीतल होटल में सोया था। तभी अचानक अनियंत्रित कंटेनर होटल में घुस गई। जिसके चपेट में आने से शीतल की मौत घटनास्थल पर हो गई।

मृतक की पत्नी ने बताया कि दो बेटियों के शादी के कर्ज में डूबे हुए थे।इसी लेकर मेरे पति कमाने गए थे। दो पुत्र एक पुत्री तीनों बच्चों सहित पत्नी ने बताया कि शीतल परिवार के इकलौते कमाने वाले शख्स थे। उन्होंने आगे कहा, 'मुझे नहीं पता कि कैसे गुजारा करूंगी। मैं सरकार से आग्रह करती हूं कि हमें सरकारी मुआवजा दिलाने में मदद करें।

## डीटीओ ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान

**चतराः** सड़क सुरक्षा को लेकर जिला प्रशासन की हालिया बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, बुधवार को जिला परिवहन पदाधिकारी माहेश्वरी यादव ने हंटरगंज प्रखंड के वशिष्ठ नगर जोरी थाना स्थित गेट के समीप चतरा - डोभी मुख्य पथ पर घंटों सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान ऑटो, बाइक, सवारी सहित दो दर्जन वाहनों से कुल 35 हजार रुपये जुमार्ना वसूला गया।डीटीओ ने हेलमेट, वाहन के कागजात, सीट बेल्ट,ड्राइविंग लाइसेंस, मालवाहक वाहनों के चालान और ओवरलोडिंग के मामलों में सख्ती बरती। वाहन दस्तावेजों और चालकों के लाइसेंस की जांच करते हुए लगातार परामर्श भी प्रदान किया गया। बाइक सवारों के हेलमेट की जांच के दौरान, इसके उपयोग की अनिवार्यता को लेकर चालकों को समझाने का प्रयास भी किया गया।

## सिंघानी नदी व छठ घाट पर दबंगों का दोबारा अतिक्रमण

**चतरा :** जिले के पत्थलगड़ा प्रखंड अंतर्गत ग्राम सिंघानी स्थित ऐतिहासिक छठ घाट एक बार फिर दबंगों के अवैध कब्जे की चपेट में आ गया है। हाल के दिनों में आई भारी बारिश और बाढ़ से घाट किनारे की जमीन पर बालू जम गई थी और लगभग नदी अपने अस्तित्व में आ चुकी थी, लेकिन उक्त बालू को हटाकर और उठाकर कुछ दबंगों ने दोबारा कब्जा जमाना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि नदी के तट पर बह रही रेत हटाकर खेती योग्य खेत तैयार किए जा रहे हैं। यह न केवल घाट की संरचना को नुकसान पहुँचा रहा है बल्कि छठ जैसे महापर्व की तैयारियों पर भी संकट खड़ा कर रहा है।

पहले भी हो चुकी है शिकायतः ग्रामीणों ने पूर्व में अंचलाधिकारी उदल राम को लिखित आवेदन देकर इस अतिक्रमण की शिकायत की थी। जांच के बाद दोषियों ने घाट खाली करने और भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन भी दिया था। हालांकि, कुछ समय की शांति के बाद अब दबंगों ने फिर से उसी स्थान पर कब्जा शुरू कर दिया है।

लाल झंडी को भी हटायाः ग्रामीणों का कहना है कि बाढ़ और तूफान के बाद घाट की सुरक्षा को लेकर उन्होंने लाल झंडी लगाकर साफ चेतावनी दी थी कि इसके आगे अतिक्रमण न हो। लेकिन दबंगों ने ग्रामीणों की चेतावनी की अनदेखी करते हुए कई जगह झंडी हटा दी और अपनी मनमानी जारी रखी।

धार्मिक भावनाओं को ठेसः ग्रामीणों का कहना है कि सिंघानी नदियां किनारे और खासकर छठ घाट पर इस तरह का अतिक्रमण सीधे-सीधे उनकी धार्मिक आस्था और परंपरा के साथ खिलवाड़ है। यदि समय रहते प्रशासन ने इस पर सख्त कदम नहीं उठाया तो आने वाले दिनों में छठ जैसे महत्वपूर्ण पर्व पर संकट गहराना तय है।

ग्रामीणों की चेतावनीः ग्रामीणों ने पुनः अंचलाधिकारी से दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि लगातार शिकायत के बावजूद यदि दबंगों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे मजबूरन आगे कोई ठोस कदम उठाने पर बाध्य होंगे। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि सिंघानी नदी के अन्य जगहों के साथ-साथ छठ घाट की धार्मिक और सांस्कृतिक महत्ता को देखते हुए प्रशासन का तत्काल हस्तक्षेप बेहद जरूरी है।

संदेश स्पष्ट है कि छठ घाट की पवित्रता और परंपरा के साथ सिंघानी नदी के किनारे आसपास में की जा रही अतिक्रमण को बचाने के लिए अतिक्रमणकारियों पर तुरंत सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, अन्यथा स्थिति और गंभीर हो सकती है।

### सरकार ने कैबिनेट बैठक में लिए बड़े फैसले

# 27 प्रस्तावों पर लगी मुहर, चार जिलों में खुलेंगे एनडीपीएस थाना

संवाददाता

**रांची :** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में बुधवार को प्रोजेक्ट भवन में आयोजित राज्य कैबिनेट की बैठक में 27 महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। कैबिनेट सचिव वंदना दाड़ेल ने प्रेस ब्रीफिंग में फैसलों की विस्तृत जानकारी साझा की। सबसे अहम निर्णय अफीम की अवैध खेती पर रोक लगाने से जुड़ा रहा। इसके तहत राज्य के उन चार जिलों में, जहां अफीम की खेती सबसे अधिक होती है, नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) पुलिस थाना स्थापित किए जाएंगे। सरकार का मानना है कि इन थानों से मादक पदार्थों के अवैध कारोबार और खेती पर सख्ती से लगाम लगाई जा सकेगी।

नए भवन के निर्माण को मंजूरी दी गईः शिक्षा के क्षेत्र में भी बड़े फैसले लिए गए। नेतरहाट आवासीय विद्यालय की तर्ज पर बोकारो में नया आवासीय विद्यालय खोला जाएगा। इसके लिए 116 करोड़ रुपये की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। वहीं, रांची स्थित पॉलिटेक्निक कॉलेज के लिए 97 करोड़ रुपये की लागत से नए भवन के निर्माण को मंजूरी दी गई है। सरकार का दावा है कि इन फैसलों से तकनीकी और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को मजबूती मिलेगी।

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से वन स्टॉप सेंटर योजना के तहत चार नए केंद्र खोलने का निर्णय हुआ। साथ ही, कस्तूरबा गांधी विद्यालय के कर्मियों के भत्तों में बढ़ोतरी की गई।

झारखंड सचिवालय कार्यालय प्रक्रिया 2025 को स्वीकृति प्रदान की गईः वन विभाग की ओर से सारंडा जंगल को वाइल्ड लाइफ सेंचुरी घोषित करने के प्रस्ताव को भी कैबिनेट की मंजूरी मिली। इसके अलावा, झारखंड सचिवालय कार्यालय प्रक्रिया 2025 को स्वीकृति प्रदान की गई और निजी सुरक्षा एजेंसियों के संचालन नियमावली में संशोधन किया गया। इन फैसलों को राज्य सरकार ने प्रशासनिक और सामाजिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण बताया है।



## साफ- सफाई की आदत को अपनी दिनचर्या में शामिल करेंः उपायुक्त

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** स्वच्छता ही सेवा अभियान 2025 के अंतर्गत ₹एक दिन, एक घंटा, एक साथ₹ राष्ट्रव्यापी सामूहिक श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन ध्वजाधारी धाम परिसर में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपायुक्त ऋतुराज ने की। इस अवसर पर पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, नगर परिषद झुमरी तिलैया, नगर पंचायत कोडरमा एवं डोमचांच के संयुक्त प्रयासों से श्रमदान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस दौरान उपायुक्त ऋतुराज सहित जिले के अन्य पदाधिकारी, कर्मचारी, नगर परिषद के सफाईकर्मी एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। सभी ने ध्वजाधारी धाम परिसर की सफाई में भाग लिया। उपायुक्त ने उपस्थित जनों को स्वच्छता की शपथ दिलाई और मंदिर परिसर में कार्यरत कर्मियों को एकल



प्लास्टिक का उपयोग न करने के लिए जागरूक किया। उपायुक्त ने कहा, ₹जैसे हम अपने घर को प्रतिदिन साफ रखते हैं, उसी तरह अपने आस-पास के क्षेत्रों की स्वच्छता की जिम्मेदारी भी हमारी ही है। हमें स्वच्छता को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त रवि जैन, सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार, जिला शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम, कार्यपालक अभियंता (पेयजल एवं स्वच्छता विभाग) अनुज सिन्हा, शंभू प्रसाद कुशवाहा, नगर पंचायत कोडरमा/ डोमचांच के प्रशासक, डीपीएम (जेएसएलपीएस) प्रकाश रंजन समेत स्वास्थ्य विभाग, पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के पदाधिकारी, कर्मी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे।

## डोमचांच में गूंजेगा खेल का बिगुल सांसद खेल महोत्सव 26 सितंबर से

### केंद्रीय मंत्री सह कोडरमा सांसद अन्नपूर्णा देवी रहेंगी मौजूद

मेट्रो रेज संवाददाता

**कोडरमा :** डोमचांच में इंतजार की घड़ियां खत्म हो गई हैं। पूरे कोडरमा संसदीय क्षेत्र का सबसे बड़ा खेल महोत्सव सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ 26 सितंबर को दोपहर 2 बजे चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय फुटबॉल मैदान से होने जा रहा है। खेल प्रेमियों के लिए यह महोत्सव खास होगा, जहां फुटबॉल और कबड्डी जैसे रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे। कार्यक्रम का उद्घाटन भव्य समारोह के साथ होगा। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार की महिला एवं बाल विकास मंत्री सह कोडरमा




सांसद अन्नपूर्णा देवी जी मौजूद रहेंगी। उनके साथ पूर्व शिक्षा मंत्री सह कोडरमा विधायक डॉ. नीरा यादव, बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव, बगोदर विधायक नागेंद्र महतो और जमुआ विधायक डॉ. मंजू कुमारी समेत झारखंड के कई गणमान्य हस्तियां भी शिरकत करेंगी। खेल महोत्सव का मकसद युवा प्रतिभाओं को मंच देना और खेल भावना को बढ़ावा देना है। स्थानीय खिलाड़ियों में जोश और उत्साह चरम पर है। आयोजकों ने लोगों से समय पर पहुंचकर उद्घाटन समारोह और रोमांचक खेलों का आनंद उठाने की अपील की है। यह आयोजन न सिर्फ खेलों का उत्सव होगा बल्कि डोमचांच के गौरव और पूरे क्षेत्र की एकता का प्रतीक भी बनेगा। सांसद खेल महोत्सव की जानकारी सांसद प्रतिनिधि डोमचांच सुजीत कुमार ने दी।

## ट्रक- बाइक की टक्कर में युवक की मौत, दूसरा घायल

संवाददाता

**कामडेरा :** रांची-सिमडेगा मार्ग पर स्थित दुर्गा मंदिर के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इस हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया है।

घटना सुबह करीब साढ़े नौ बजे की है। पुलिस के अनुसार, जरिया गांव निवासी दो युवक बीसु लोहार (पिता हरखू लोहरा) और जतरू स्वांसी (पिता राय स्वांसी) एक मोटरसाइकिल (रजिस्ट्रेशन नंबर पर सवार होकर कामडारा बस्ती से कुछ सामान खरीदने जा रहे थे।

जानकारी के मुताबिक, जैसे ही वे कामडारा बस्ती पहुंचने ही वाले थे, सामने से आ रहे एक ट्रक ने एक यात्री बस को ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान ट्रक सीधे बाइक से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक



सवार बुरी तरह से घायल हो गए। हादसे में बीसु लोहार ट्रक के पहिये के नीचे आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं, जतरू स्वांसी भी ट्रक के नीचे फंस गया था। मौके पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने जतरू को बचाकर निकाला और उन्हें गंभीर हालत में कामडारा स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया।मृतक बीसु लोहार के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और ट्रक चालक को गिरफ्तार करने का प्रयास जारी है। यह हादसा एक बार फिर से खतरनाक ओवरटेकिंग की घातक परिणामों की ओर इशारा करता है।

## सड़क हादसे में एक घायल

**खूंटी :** खूंटी- रांची मुख्य मार्ग पर स्थित काला माटी के मैनूगढ़ा इलाके में एक तीखे मोड़ पर बुधवार को दो कारों की आमने-सामने भीषण टक्कर हो गई। इस सड़क हादसा में कई लोग घायल हो गए हैं, जिनमें से एक की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, खूंटी से रांची की ओर जा रही मारुति सुजुकी एक्सप्रेसो कार और रांची से खूंटी की ओर आ रही टाटा हैरियर कार के बीच मैनूगढ़ा के पास तीखे मोड़ पर सीधी टक्कर हो गई। टक्कर की रफ्तार इतनी जबरदस्त थी कि दोनों ही वाहन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए। बताया जा रहा है कि इस टक्कर में मारुति की कार कई बार पलटी खाकर बीच सड़क में ही पलट गई। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे स्थानीय निवासियों ने घायलों को कारों से बाहर निकालने और प्राथमिक सहायता देने में मदद की। उनकी सहायता से सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। अभी तक घायलों की पहचान पुलिस द्वारा की जा रही है। मौके पर पहुंची खूंटी पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है, हालांक प्रारंभिक संकेत मोड़ पर गति या लापरवाही की ओर इशारा कर रहे हैं। पुलिस ने मारुति सुजुकी कार को अपने कब्जे में लेकर खूंटी थाना ले आई है, जबकि दूसरे क्षतिग्रस्त वाहन, टाटा हैरियर, को भी लाने की तैयारी की जा रही है।

## शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को लेकर उपायुक्त की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक

संवाददाता

**चतराः** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त कीर्तिश्री की अध्यक्षता में बुधवार को शिक्षा विभाग की सभी इकाइयों की विस्तृत समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के विद्यालयों में शिक्षा की स्थिति, विद्यार्थियों की प्रगति और विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन की बिंदुवार समीक्षा की गई।बैठक में समीक्षा के दौरान यह पाया गया कि कुछ प्रखण्डों का प्रदर्शन अपेक्षित स्तर पर नहीं है। इस पर उपायुक्त ने संबंधित प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारियों चतरा, हंटरगंज एवं सिमरिया को सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया और कहा कि एक सप्ताह के भीतर सभी मानकों में बेहतर प्रदर्शन सुनिश्चित किया जाए।बैठक में यह प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह मे राज्य रेल टेस्ट एवं प्रत्येक माह के तीसरे सप्ताह के शुक्रवार को जिला रेल टेस्ट कराये जाने का निर्णय लिया गया। सभी विषयों में आयोजित की जाएगी, ताकि विद्यार्थियों की पढ़ाई और प्रगति का नियमित आकलन हो सके। दिव्यांग बच्चों को शिक्षा से जोड़ने के लिए रिसोर्स शिक्षकों को डोर-टू-डोर



अभियान चलाने का निर्देश दिया गया।व्यावसायिक शिक्षा को सुदृढ़ बनाने के लिए ई-विद्यावाहिनी पोर्टल में छात्र-छात्राओं का डाटा एक सप्ताह के भीतर पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही विद्यालय प्रमाणीकरण प्रक्रिया को गति देने के लिए प्रत्येक विद्यालय में नजदीकी सीआरपी. को संबद्ध करने का निर्णय लिया गया।जन्म प्रमाणपत्र निर्गत करने की प्रक्रिया को भी सरल और तेज बनाने के लिए निर्देश दिया गया कि अगले 15 दिनों के भीतर विद्यालयों से फॉर्म संग्रहित कर लिए जाएं, ताकि प्रखण्ड कार्यालय से प्रमाणपत्र एकीकृत तरीके से निर्गत किए जा सकें। मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत एस.एम.एस रिपोर्टिंग नहीं करने वाले विद्यालयों के लिए भी सख्त निर्देश जारी किए गए। उपायुक्त ने कहा कि प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सीधे इन विद्यालयों से संवाद स्थापित कर शीघ्र कार्य पूर्ण कराएं।बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि 04 अक्टूबर 2025 को जिला स्तर पर विज्ञान प्रदर्शन एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के वार्डेन को निर्देश दिया गया कि वे दिसंबर माह में प्रस्तावित इंटर-कस्तूरबा मीट की तैयारी अभी से शुरू करें। सभी बीईओ. एवं बीपीओ. को निर्देशित किया गया कि सावित्री बाई फुले डाटा एंट्री कार्य एक सप्ताह के भीतर ई-विद्यावाहिनी पोर्टल पर पूर्ण करें। बैठक के समापन पर उपायुक्त कीर्तिश्री ने कहा कि शिक्षा विभाग की सभी इकाइयाँ निर्धारित समयसीमा के भीतर अपने कार्य पूर्ण करें। बच्चों की पढ़ाई, उपस्थिति और योजनाओं का सही क्रियान्वयन हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी और कर्मी इसमें गंभीरता से काम करें।इस बैठक के माध्यम से जिले के सभी विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए गए हैं।बैठक में मुख्य रूप से जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्रा, जिला शिक्षा अधीक्षक रामजी कुमार प्रभारी अतिरिक्त जिला कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश पाण्डेय, सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी, विनोद कुमार, सभी प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, प्रखण्ड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय की वार्डेन एवं लेखापाल-सह-कम्पयूटर ऑपरेटर उपस्थित थे।

रांची में फेस्टिव ड्राइव के तहत निरीक्षण

# न्यू चुरूवाला का पनीर जांच में फेल, राज स्वीट्स को बिना लेबल उत्पाद का नोटिस

संवाददाता

**रांची:** त्योहारी सीजन में रांची जिला प्रशासन ने खाद्य सुरक्षा को लेकर सख्ती दिखाई है। स्पेशल फेस्टिव ड्राइव के तहत शहर की मिठाई दुकानों और रेस्टोरेंट का औचक निरीक्षण किया गया। जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी मंजूनाथ भजंत्री के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा दल ने चलंत खाद्य जांच प्रयोगशाला के माध्यम से कई प्रतिष्ठानों से खाद्य नमूनों, खासकर दूध से बने उत्पादों का ऑन द स्पॉट जांच की जिसमें कई बाजार में मिल रहे खाद्य उत्पादों का सच सामने आ गया। चलंत खाद्य जांच प्रयोगशाला ने दूध से बने उत्पादों जैसे पनीर, खोवा और खोवा से बनी मिठाइयों की मौके पर जांच की।

रांची एसएसपी ने रात एक बजे शहर की सुरक्षा का लिया जायजा, पुलिसकर्मियों को दिए कई निर्देश



**इन जगहों की हुई जांच**

निरीक्षण के दौरान बिसनीस आईसक्रीम (फिरायालाल चौक), जलजोगा रेस्टोरेंट (अल्बर्ट एक्का चौक), स्वीट इंडिया (महात्मा गांधी मार्ग), न्यू चुरूवाला (महात्मा गांधी मार्ग), न्यू राज स्वीट्स (ओवरब्रिज मेन रोड), रसीक लाल (डोरंडा), राजस्थान कलेवालय (कचहरी चौक), न्यू दिल्ली ढाबा (कचहरी चौक), उदय मिष्टान भंडार (लालपुर) शामिल थे।

**न्यू चुरूवाला में अवमानक पनीर**

जांच में न्यू चुरूवाला (महात्मा गांधी मार्ग) में लगभग 4 किलोग्राम पनीर अवमानक पाया गया, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। दुकान को नोटिस जारी किया जा रहा है।

**न्यू राज स्वीट्स में बिना लेबल का जैम**

न्यू राज स्वीट्स (महात्मा गांधी मार्ग) में बिना लेबल वाला फ्रूट जैम पैकेट मिला। दुकानदार को इसे बेचने से मना किया गया और नोटिस की कार्रवाई शुरू की गई।

**अधिकांश दुकानों में मानक खाद्य सामग्री**

बाकी जांच किए गए प्रतिष्ठानों में खाद्य सामग्री मानक के अनुरूप पाई गई। हालांकि, कई जगह कर्मचारी बिना एप्रॉन, हेडगेयर और ग्लव्स के काम करते पाए गए। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी के निर्देश पर दुकान संचालकों ने तुरंत कर्मचारियों को ये सुविधाएं उपलब्ध कराईं।

**खाद्य कारोबारियों को सख्त हिदायत**

सभी दुकानदारों को उपभोक्ताओं की शिकायतों का तुरंत समाधान करने और उनके साथ अच्छा व्यवहार करने का निर्देश दिया गया। खाद्य सुरक्षा दल ने चेतावनी दी कि नियमों का उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई होगी।

झारखंड हाईकोर्ट में पेसा नियमावली लागू न होने पर अवमानना याचिका की सुनवाई

# सरकार ने रखी बालू-खनन पर रोक हटाने की मांग




संवाददाता

**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट में आदिवासी बुद्धिजीवी मंच द्वारा दायर पेसा नियमावली लागू न होने पर अवमानना याचिका पर सुनवाई हुई। इस दौरान राज्य सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि पेसा नियमावली का ड्राफ्ट तैयार कर कैबिनेट में भेजा जा चुका है।

राज्य सरकार की ओर से बताया गया कि कोर्ट ने बालू घाट की नीलामी के बाद अलॉटमेंट पर लगी रोक हटाने के लिए दायर हस्तक्षेप याचिका (आईए) को स्वीकार कर प्रार्थी को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस तरलोक सिंह चौहान और जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ ने मौखिक रूप से कहा कि यदि पेसा नियमावली लागू हो जाती है तो कोर्ट उचित आदेश पारित करेगा। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार की ओर से एक अहम आग्रह किया गया। सरकार ने अदालत से निवेदन किया कि बालू और लघु खनिजों के खनन पर जो अंतरिम रोक लगी है, उसे हटाया जाए।

अवमानना याचिका पर अगली सुनवाई 9 अक्टूबर को होगी। सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार, महाधिवक्ता राजीव रंजन और अपर महाधिवक्ता जय प्रकाश कोर्ट में मौजूद थे। याचिकाकर्ताओं की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अजीत कुमार ने बहस की।

# दुर्गा पूजा से पहले झारखंड कर्मियों को मिलेगा सितंबर माह का वेतन

संवाददाता

**रांची:** झारखंड सरकार ने दुर्गा पूजा से पहले सितंबर माह का वेतन 25 सितंबर से देने का फैसला किया है। वित्त विभाग ने आदेश जारी कर बताया कि इस वेतन भुगतान में राज्य सरकार, हाईकोर्ट, राज्यपाल सचिवालय और विधानसभा सचिवालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी शामिल होंगे।

वित्त विभाग द्वारा जारी आदेश के मुताबिक यह कदम दुर्गा पूजा के पावन अवसर पर कर्मचारियों की आर्थिक सहूलियत को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। इस आदेश से कर्मचारियों को समय पर वेतन मिलने में सुविधा होगी और त्योहार की तैयारी में आर्थिक सहायता मिलेगी। सरकार ने यह सुनिश्चित किया है कि वेतन भुगतान में किसी भी प्रकार की देरी न हो। इस प्रकार, 25 सितंबर से कर्मचारियों के खातों में सितंबर माह का भुगतान शुरू हो जाएगा।



# लायंस क्लब ने हैंडिकैप्ड बच्चों के बीच किया फल व भोजन का वितरण

**रांची:** लायंस क्लब ऑफ रांची ईस्ट द्वारा क्लब के सचिव लायन अमित कुमार के पिता समाजसेवी स्व. रामअवतार लाल की14वीं पुण्य स्मृति में, क्लब की ओर से गुरु नानक होम फॉर हैंडिकैप्ड चिल्ड्रन, बरियातू में फूड फॉर हंगर प्रोग्राम के तहत बच्चों एवं परिवार के बीच फल तथा भोजन लिए भोजन का वितरण किया गया। आज इस कार्यक्रम में सचिव लायन अमित कुमार,लायन रोहित जायसवाल, लायन नीरज कांत साहा, अनिल कुमार लाल, मीणा वर्मा, रीना वर्मा , सुमित कुमार लाल, शुभम कुमार,सचिन कुमार , बिष्टु कुमार व अन्य उपस्थित रहे।




## शपथ पत्र

1. **मैं,** सुलेखा कुमारी पत्नी सर्वेश्वर महतो, उम्र लगभग 35 वर्ष, निवासी ग्राम हरनाद, डाकघर करमा , थाना कसमार, जिला बोकारो (झारखंड) एतद्द्वारा निम्नलिखित रूप से सत्यनिष्ठा से प्रतिज्ञान और घोषणा करती हूँ :-

1. **मेरी राष्ट्रीयता भारतीय है।**
2. मेरे आधार कार्ड संख्या - 8339 4906 0113 और पैन कार्ड संख्या - HUJPK4957C में मेरा नाम सुलेखा कुमारी अंकित है।
3. बैंक ऑफ इंडिया, खैराचातर शाखा में मेरे संयुक्त बैंक खाते, खाता संख्या- 488310110001642 में मेरा नाम सुलेखा देवी और सर्वेश्वर महतो अंकित है।
4. सुलेखा कुमारी और सुलेखा देवी एक ही व्यक्ति, अर्थात मेरा नाम है।
5. मैं अपने उक्त संयुक्त बैंक खाते में अपना नाम सुलेखा देवी के स्थान पर सुलेखा कुमारी लिखकर उसे सुधारने के लिए यह शपथ पत्र संपन्न कर रही हूँ ।
6. इस शपथ पत्र की विषय-वस्तु सत्य एवं सही है और यदि यह गलत या मिथ्या पाई जाती है तो मैं कानून की दृष्टि में दण्डित किये जाने योग्य होऊँगी।

# एसएसपी से मिला रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति का प्रतिनिधिमंडल

**रांची:** रांची महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति गायक प्रतिनिधि मंडल समिति के मुख्य संयोजक डॉक्टर अजीत सहायक के नेतृत्व में रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक राकेश रंजन से रांची समरनालय स्थित उनके कार्यालय में जाकर मिला और उन्हें चुनरी और कुछ देखकर उनका भव्य स्वागत किया गया उक्त अवसर पर प्रतिनिधिमंडल की ओर से समिति के डॉक्टर अजीत सहाय दुर्गा पूजा से संबंधित विस्तृत जानकारी एवं आग्रह किया कि दुर्गा पूजा नियमित जो भी सुविधा मिलती रही है वह सभी सुविधाएं इस वर्ष में महिला कराया जाए जिसमें सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के साथ-साथ मूर्ति विसर्जन हेतु वाहनों की आवश्यकता प्रथम अति आवश्यक है ताकि सभी आयोजक समय पर विसर्जन शोभायात्रा संपन्न करा सके महासमिति द्वारा आगह पूर्वक आगामी दुर्गा पूजा की सफलता हेतु महानगर श्री दुर्गा पूजा समिति के प्रधान कार्यालय में रांची के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के सभी पूजा पंडाल के जख के साथ बैठक के दुर्गा पूजा का ऐतिहासिक रूप से सफल बनाने हेतु आमंत्रित किया गया महानगर समिति के उपाध्यक्ष लखपति साहू ने प्रत्येक पूजा पंडाल महिला पुलिस बल पर्याप्त संख्या मे प्रतिनियुक्ति पर विशेष बल दिया प्रतिनिधि मंडल में मुख्य रूप से रांची महानगर से दुर्गा पूजा समिति के डॉक्टर अजीत सहाय, श्री महावीर मंडल के अध्यक्ष जय सिंह यादव लखपति साहू, प्रदीप राय बाबू, राजन वर्मा, संजय मिनोचा, विनोद सिंह, रवींद्र वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग शामिल थे । उपरोक्त जानकारी महानगर उपाध्यक्ष लखपति साहू ने दी।





## एसएसपी ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**रांची:** 24 सितम्बर की देर रात करीब 1 बजे रांची के एसएसपी राकेश रंजन अचानक शहर की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के लिए सड़कों पर उतर आए।

उनके इस औचक निरीक्षण की खबर किसी भी पुलिस अधिकारी या कर्मी को पहले से नहीं थी। एसएसपी रंजन ने बिरसा चौक, मेन रोड, हरमू बायपास रोड और अरगोड़ा चौक सहित शहर के कई महत्वपूर्ण इलाकों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों से सीधे संवाद किया। उन्होंने उनसे वाहनों की चेकिंग और पुलिस बल की तैनाती के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही, उन्होंने मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों और जवानों को कई महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश भी दिया।

## मां भवानी दुर्गा पूजा समिति ने सुनील सहाय को किया सम्मानित,8

**रांची:** झारखंड ओलंपिक एसोसिएशन के वरीय उपाध्यक्ष एवं शहर के जाने-माने समाजसेवी सुनील सहाय को मां भवानी दुर्गा पूजा समिति लटमा रोड (सिंह मोड़) की ओर से सम्मानित किया गया।

समिति के अजय कुमार वर्मा (बाबू) ने बुधवार को श्री सहाय के आवास (ई-39, सेक्टर तीन,धुर्वा) पर उन्हें चुनरी ओढ़ा कर अभिनंदन किया।

इस मौके पर मनोज मिर्धा, प्रेम सिंह बागी, अजीत कुमार, एस मिर्धा, संतोष ठाकुर, अभिजीत हलधर, चंदेश्वर शर्मा व दीपक कुमार मौजूद थे। श्री सहाय ने समिति के पदधारियों व सदस्यों को नवरात्र की शुभकामनाएं दी व दुर्गा पूजा के सफल आयोजन की कामना की।



**उत्तर पश्चिम रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

**ई निविदा सूचना सं.: एसएण्डटी–जेयू–22–2025–26 दिनांक 20/09/25** भारत के राष्ट्रपति की ओर से और उनके लिए मंडल रेल प्रबन्धक/सं.व.दू. उ.प.रे., जोधपुर द्वारा निम्न लिखित सिगनलिंग एवं टेलीकॉम सम्बन्धी कार्य हेतु मुहरबंद ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नामः** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर डिवीजन के 11 स्टेशनों पर विभिन्न ओ.ई.एम. मेक (मेघा/हिताची/क्योसन) के दोहरे वीडीयू और क्योसन मेक के एमटी नेटवर्किंग का 14 स्टेशनों पर प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागतः** रुपये 7,55,09,112/– (RO)। **ई–निविदा जमाकर्ता कार्यालय का पूर्ण पताः** वरि. मंडल सिगनल एवं दूरसंचार इंजी. मंडल रेल प्रबन्धक कार्यालय हरीश जोशी मार्ग जोधपुर। **बयाना राशि (Bid Security):** रुपये 5,27,600.00/– **ई–निविदा प्रपत्र जमा कराने एवं खुलने की तारीख व समयः** 14.10.2025 को 11.00 बजे तक तथा ई–टेंडर ऑन लाईन आई आर ई पी एस 11.00 बजे बन्द होने के तुरन्त बाद खोली जायेगी। **वैब साईट विवरण एवं नोटिस बोर्ड व कार्यालय जहाँ से टेण्डर का विवरण देखा जा सकें एवं खरीद की जा सकें:** www.ireps.gov.in **नोटः**– यह एक ई–टेण्डर हैं इसलिए इसमें भाग लेने के लिए ठेकेदार ई–टेण्डरिंग के द्वारा उल्लेखित वैब साईट पर टेण्डर डाले। **1212-PM/25**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

नेशनल हेल्थ मिशन ने जारी किया रिपोर्ट

# झारखंड में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' अभियान

संवाददाता

**रांची:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत चलाए गए विशेष अभियान 'स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार' ने झारखंड में महिलाओं के स्वास्थ्य और जागरूकता को मजबूती प्रदान कर सफल समापन किया।

यह अभियान 23 सितंबर को समाप्त हुआ, जिसका मकसद था कि स्वस्थ महिलाएं ही मजबूत परिवार और विकसित समाज की नींव हैं। वहीं नेशनल हेल्थ मिशन ने रिपोर्ट जारी की। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, पूरे राज्य के 24 जिलों में कुल 31,036 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जबकि लक्ष्य था 29,423 शिविर। इस अभियान से कुल 15,32,424 महिलाओं को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। इस दौरान उच्च रक्तचाप, मधुमेह, कैंसर, तपेदिक, सिकेल सेल बीमारी और रक्ताल्पता जैसी गंभीर बीमारियों की स्क्रीनिंग पर विशेष ध्यान दिया गया। वहीं स्वास्थ्य परीक्षण के अलावा, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन (एबीडीएम) आईडी और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जय) कार्ड का वितरण, परामर्श सेवा, शल्य चिकित्सा, पोषण सहायता और मानसिक स्वास्थ्य सहायता भी प्रदान की गई।




अभियान ने स्वच्छता, पोषण और महिलाओं के सशक्तिकरण की भी व्यापक जानकारी दी। हजारीबाग में 1,207 शिविरों के माध्यम से 1,42,141 महिलाओं ने लाभ लिया, जो सबसे अधिक था। इसके बाद दुमका में 1,934 शिविरों में 1,15,833 महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण हुआ। गुमला में 1,809 शिविरों में 1,12,578 महिलाएं स्वास्थ्य जांच में शामिल हुईं। रांची में 2,412 शिविर आयोजित किए गए जिसमें 94,543 महिलाओं ने भाग लिया। पूर्व सिंहभूम में 1,973 शिविरों में 86,362 महिलाओं को सेवा दी गई। इसके अलावा बोकारो, धनबाद, देवघर, चारों, जमताड़ा, कोडरमा, पाकुड़, रामगढ़, लोहरदगा और खूंटी जैसे छोटे जिलों में भी बड़ी संख्या में महिलाएं स्वास्थ्य सेवा लाभार्थी बनीं।

**झारखण्ड सरकार**
**कार्यालय जिला मत्स्य पदाधिकारी, रामगढ़**

**सूचना**

रामगढ़ जिला के मत्स्य पालकों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (मत्स्य) झारखण्ड के विभागीय राज्यादेश सं0 – 10, दिनांक 04.07.2025 के द्वारा निजी क्षेत्र एवं बन्दोबस्ती सरकारी तालाबों के मत्स्य पालन से आच्छादन हेतु स्थानीय स्तर पर उत्पादित मत्स्य अंगुलिका के क्रय में 50 प्रतिशत् सहायता अर्थात् अधिकतम 1875/– रू0 प्रति एकड़ औसत जलक्षेत्र हेतु अनुदान डी0बी0टी0 के माध्यम से उपलब्ध कराया जाएगा। विभागीय प्रशिक्षण प्राप्त एवं चालू वित्तीय वर्ष में झास्कोफिश/विभागीय फिश फीड मिल से फीड प्राप्त करने वाले मत्स्य कृषकों को प्राथमिकता दी जाएगी। जिला मत्स्य कार्यालय से संबद्ध मत्स्य बीज उत्पादकों से मत्स्य अंगुलिका क्रय किया जाएगा। योजना के लाभ हेतु इच्छुक मत्स्य पालक जिला मत्स्य कार्यालय, रामगढ़ से आवेदन प्राप्त कर दिनांक 04.10.2025 तक कार्यालय अवधि में पूर्ण रूपेण आवेदन भर कर जमा कर सकते है।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
रामगढ़

PR 362789 Fish(25-26)#D

## सूक्ति

मनुष्य को चाहिए कि वह परिस्थितियों से लड़े, एक स्वप्न टूटे तो दूसरा गढ़े:
अटल बिहारी वाजपेय

## विकसित भारत नहीं बन सकता

**बेशक** जीएसटी सुधार एक अच्छा फैसला है, लेकिन ऐसी रियायतों के जरिए ही भारत 2047 में विकसित राष्ट्र नहीं बन सकता। उसके लिए आर्थिक विकास दर कमोबेश 8-10 फीसदी होना अनिवार्य है। फिलहाल तो अंतरराष्ट्रीय एजेंसियां 6.5 से 6.9 फीसदी के आकलन कर रही हैं। हम अभी बहुत दूर हैं। जीएसटी के अलावा, कानून, श्रम, भूमि, न्याय आदि कई क्षेत्रों में सुधार अनिवार्य और अपेक्षित हैं। भूमि की उपलब्धता और समानता का सुधार भी बेहद जरूरी है। किसान को सिर्फ ट्रैक्टर, थ्रेशर, सिंचाई मशीन ही नहीं चाहिए, बल्कि आर्थिक तौर पर समानता भी चाहिए। कमोबेश उसे फसलों की वांछित कीमत तो मिले। वह कर्ज के काले यथार्थ से बाहर निकल सके। किसान सम्मान राशि तो ऊंट के मुंह में जीरा है। यह सम्मान नहीं, खैरात है। किसान की फसलें बेहतर दाम पर बिक सकें, सरकार को यह बंदोबस्त करना ही होगा। अलबत्ता विकसित भारत एक नारा, एक सपना बनकर रह जाएगा। आम आदमी इस दृष्टि से भी अपनी स्थितियों के आकलन करे। यह भी घोर, कटु सच्चाई है कि आज भी 81 करोड़ से अधिक भारतीय मुफ्त के अनाज के भरोसे हैं। आज भी सरकारी आंकड़ा मानें, तो 15-20 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा के तले जीने को अभिशप्त हैं। आज भी करीब 85 फीसदी किसान औसत स्तर पर हैं। उनके पास या तो 2-4 हेक्टेयर भूमि है अथवा वे दूसरे की जमीन पर खेती करने को विवश हैं। देश के जीडीपी में कृषि का योगदान बढ़ना चाहिए। याद रहे कि कोरोना महामारी के दौरान भी कृषि की विकास दर 3 फीसदी से ज्यादा थी। देश ऐसे आत्मनिर्भर नहीं बन सकता कि वस्तुएं 2, 4, 10 रुपए सस्ती कर दी जाएं। देश का नागरिक कार, घर तभी खरीदने की सोच सकता है, जब उसके पास अतिरिक्त संसाधन होंगे। अभी तो आम आदमी रोजी-रोटी के लिए संघर्ष कर रहा है। देश के मात्र 4 फीसदी लोगों की औसत आय 50,000 रुपए म्माहवार है। हम देश के 1 फीसदी धन्नासेठों की न तो बात कर रहे हैं और न ही हमारे विषय के पात्र मान रहे हैं।

बहरहाल जीएसटी सुधार आम आदमी के लिए बड़ी राहत हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आत्मनिर्भरता के साथ-साथ स्वदेशी का भी आह्वान किया है। स्वदेशी आरएसएस का सैद्धांतिक मुद्दा रहा है। स्वदेशी जागरण मंच उसका सहयोगी संगठन है। केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी सरकार के दौरान भी स्वदेशी के नारे खूब गूंजते थे, लेकिन तब भी उन आर्थिक सुधारों को स्वीकार कर उनकी निरंतरता बरकरार रखनी पड़ी, जिनका सूत्रपात पूर्व प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव और उनके वित्त मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह ने किया था। भारत ने भूमंडलीकरण और उदारीकरण को स्वीकार करते हुए शेष विश्व के लिए दरवाजे खोले थे, नतीजतन बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने भारत में प्रवेश बढ़ाना शुरू किया था। उस दौर के बाद ही भारत की अर्थव्यवस्था में विस्तार हुआ और आज हम चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। सिर्फ स्वदेशी के जरिए ही 146 करोड़ से अधिक की आबादी की जरूरतों को पूरा नहीं किया जा सकता। भारत मैन्यूफैक्चरिंग और आपूर्ति का गढ़ नहीं है। भारत में एप्पल और सैमसंग सरीखे विदेशी मोबाइल फोन की हम एसेंबलिंग करते हैं, लेकिन दावा करते रहे हैं कि हम विश्व में दूसरे सबसे बड़े निर्माता और उत्पादक हैं। विश्व-बाजार में भारतीय ब्रॉन्ड का कौनसा मोबाइल फोन धड़ाधड़ बिक रहा है, जरा प्रधानमंत्री हमें भी बता दें। हकीकत यह है कि हमारे देश में कच्चे माल पर 18 फीसदी जीएसटी है और बने हुए सामान पर अब 5 फीसदी जीएसटी का भुगतान करना पड़ेगा। क्या गजब का विरोधाभास है? भारत में चिप्स और एक अच्छी कमीज से लेकर कच्चा माल, कारें और विमान तक विदेशी हैं। राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के विमान तक विदेशी हैं। क्या फ्रांस के राफेल और एलन मस्क की टेस्ला को स्वदेशी करार दिया जा सकता है? भारत में स्वदेशी का सपना साकार करने के लिए हमारी शीर्ष कंपनियों और लघु, सूक्ष्म, कुटीर उद्योग को अनुसंधान और विकास पर बजट लगाना होगा।

## नीतीशे सरकार, भ्रष्टाचार की बहार!

**हम एक मु**द्दत से बिहार के चुनावी हालात का विश्लेषण करना चाह रहे थे। बिहार में संभवतः नवम्बर में विधानसभा चुनाव होने हैं। कई मुद्दे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की दिवंगत मां को लेकर राजद के कार्यकर्ता 3-4 चार गालियां दे चुके हैं। कैसे लोग हैं? दो नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और राहुल गांधी- वोट चोरी और बिहार के कथित अधिकार सरीखे मुद्दों पर यात्राएं संपन्न कर चुके हैं। बिहार देश का सबसे गरीब और पिछड़ा राज्य है, लेकिन राजनीतिक तौर पर बेहद सचेत और परिपक्व है। जातियों और सांप्रदायिकता में पूरी तरह विभाजित है। बिहार पर करीब 3.16 लाख करोड़ रुपए का कर्ज है। औसत प्रति व्यक्ति आय 3000 रुपए माहवार है। यानी 100 रुपए रोजाना ! यह तो गरीबी-रेखा से निचले और भी निचले स्तर की आय है। ऐसे राज्य में एक मंत्री पर 200 करोड़ रुपए के जमीन घोटाले के आरोप लगें और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार खामोश रहें। जांच एजेंसियां निष्क्रिय रहें और एक अदद प्राथमिकी भी दर्ज न की जाए, तो आश्चर्य और क्षोभ की कोई सीमा नहीं रह जाती। ह्यजन सुराज पाटी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने मंत्री अशोक चौधरी पर 200 करोड़ रुपए की जमीन के मामले में हेराफेरी के गंभीर आरोप लगाए हैं। पैसे और दस्तावेजों का उनके चार्टर्ड अकाउंटेंट और बेटी के नाम किस तरह हस्तांतरण किया गया, उसके ब्यौरे भी प्रशांत ने दिए हैं। कमाल है, किसी आयकर विभाग और प्रवर्तन निदेशालय की नींद नहीं टूटी? मंत्री ने प्रशांत किशोर को 100 करोड़ रुपए की मानहानि का कानूनी नोटिस भिजवाया है। अदालत में 17 अक्तूबर को पेशी है। गंभीर आरोप भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल पर भी लगाए गए हैं कि उन्होंने एक मेडिकल कालेज पर कब्जा किया है। नीतीश सरकार में भाजपा कोटे के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर एक कांग्रेस नेता की हत्या के छींटे अब भी हैं। प्रशांत ने खुलासा किया है कि उनका असली नाम राकेश कुमार है। फिर नाम बदल कर सम्राट कुमार मौर्य किया गया और अब सम्राट चौधरी है। आखिर यह फ्रॉड क्यों करना पड़ा? मंत्री मंगल पांडे पर भी कर्ज लेने के घपले का आर्थिक आरोप है। दिलचस्प यह है कि जनता दल-यू के मुख्य प्रवक्ता नीरज कुमार और भाजपा के पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके. सिंह समेत एनडीए के कुछ नेताओं ने आरोपित मंत्रियों को सार्वजनिक तौर पर सफाई देने की मांग की है। अलबत्ता वे अपने पद छोड़ दें। ये बेहद गंभीर राजनीतिक बयान हैं। नीरज कुमार ने इसे अग्निपरीक्षा का दौर माना है। सरकार, अदालत और आलाकमान क्या कार्रवाई करेंगे, यह दीगर बात है, लेकिन भ्रष्टाचार अचानक बिहार चुनाव का धुरी मुद्दा बन गया है। नीतीश कुमार सुशासन की राजनीति के प्रतीक माने जाते रहे हैं, लेकिन अब विपक्षी राजद कैग की रपट के आधार पर उनकी सरकार के खिलाफ 71,000 करोड़ रुपए की गड़बड़ के आरोप चस्पां कर रहा है। भाजपा पलटवार कर प्रशांत किशोर को बिहार का सबसे बड़ा नटवरलाल करार दे रही है। एनडीए और इंडिया गठबंधन वाले दल एक-दूसरे को जंगलराज का पर्याय करार दे रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी उद्घोष करते रहे हैं- न खाऊंगा और न खाने दूंगा। वह एनडीए के शीर्षस्थ नेता हैं। चुनाव से ऐन पहले भ्रष्टाचार के ऐसे गंभीर आरोप लगे हैं, लिहाजा उनकी कार्रवाई की अपेक्षा यह देश करता है। बिहार में अदाणी समूह को 1000 से अधिक एकड़ जमीन मात्र 1 रुपए की लीज पर आवंटित की गई है।

# गुणवत्ता से परिपूर्ण हो बुजुर्ग जीवन

अंततः बुजुर्ग केवल अतीत का बोझ नहीं हैं, बल्कि वर्तमान का अनुभव और भविष्य का मार्गदर्शन हैं। वे उस दीपक की तरह हैं, जिसकी लौ भले ही उम्र के कारण धीमी हो जाए, मगर जिसकी रोशनी से आने वाली पीढ़ियां दिशा पाती हैं। यह युवा पीढ़ी का दायित्व एवं कर्तव्य है कि समाज में वृद्ध लोगों का सम्मान करें, उनकी मानवीय गरिमा को बनाएं रखें, उनके अनुभवों और ज्ञान का आदर करें तथा उन्हें प्यार, अपनापन और सामाजिक समावेश प्रदान करें ताकि वे खुशी-खुशी अपना जीवन जिएं ।

**अनुज आचार्य**

**किसी** भी समाज की सभ्यता का असली पैमाना यह है कि वह अपने बुजुर्गों के साथ कैसा व्यवहार करता है। जीवन की समझ, संघर्ष और अनुभव का खजाना बने बुजुर्ग किसी भी राष्ट्र की धरोहर होते हैं। वे केवल बीते समय की कहानियां नहीं, बल्कि वर्तमान की मजबूती और भविष्य की दिशा देने वाले दीपस्तंभ हैं। भारत जैसे विशाल और विविधतापूर्ण देश में आज सबसे गंभीर सवाल यही है कि क्या हम अपने वरिष्ठ नागरिकों को वह गरिमा, सुरक्षा और सक्रिय जीवन दे पा रहे हैं जिसके वे हकदार हैं। भारत में परिस्थितियां तेजी से बदल रही हैं, 2011 की जनगणना के अनुसार देश में 10.4 करोड़ लोग 60 वर्ष या उससे अधिक आयुवर्ग के थे। 2021 तक यह संख्या 13.8 करोड़ पर पहुंची और अनुमान है कि 2026 तक यह 17.3 करोड़ से अधिक हो जाएगी। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक भारत की लगभग 20 प्रतिशत जनसंख्या वृद्ध होगी, जबकि 2046 तक स्थिति ऐसी होगी कि बुजुर्गों की संख्या बच्चों से भी अधिक हो जाएगी। यह बदलाव केवल आंकड़ों की कहानी नहीं, बल्कि सामाजिक संरचना और मानवीय मूल्यों की नई परीक्षा है। दिलचस्प तथ्य यह है कि भारत के लगभग 71 प्रतिशत बुजुर्ग ग्रामीण इलाकों में रहते हैं, जहां स्वास्थ्य सुविधाएं और सामाजिक सुरक्षा का ढांचा अपेक्षाकृत कमजोर है। बुजुर्ग जीवन केवल लंबा नहीं होना चाहिए, बल्कि गुणवत्ता से परिपूर्ण भी होना चाहिए। भारत में औसत जीवन प्रत्याशा दर लगातार बढ़ रही है।

महिलाएं औसतन 70 वर्ष से ऊपर और पुरुष लगभग 68 वर्ष तक जी रहे हैं। मगर इन वर्षों में सबसे बड़ी चुनौती सक्रियता, स्वास्थ्य और गरिमा बनाए रखने की है। चलने-फिरने की कठिनाई, हड्डियों और जोड़ों की बीमारियां, देखने-सुनने की समस्याएं आम हो चुकी हैं। आर्थिक स्थिति भी बहुत चुनौतीपूर्ण है, अधिकांश बुजुर्ग अब भी अपने बच्चों या रिश्तेदारों पर निर्भर रहते हैं। 60 से 64 वर्ष की आयु के 65 प्रतिशत पुरुष और मात्र 18 प्रतिशत महिलाएं ही किसी आर्थिक गतिविधि में संलग्न हैं। वृद्धावस्था निर्भरता अनुपात 1961 में 10.9 प्रतिशत था, जो 2021 में 15.7 प्रतिशत हो चुका है और 2031 में इसके 20 प्रतिशत से ऊपर पहुंचने की संभावना है। इसका सीधा अर्थ है कि कार्यशील जनसंख्या पर बोझ बढ़ेगा और परिवारों पर दबाव और गहरा होगा। सुरक्षा की स्थिति भी चिंताजनक है। 2021 के आंकड़े बताते हैं कि दिल्ली में प्रति लाख आबादी पर बुजुर्गों के खिलाफ अपराध दर 93.8 थी। यह स्थिति उस वर्ग के लिए बेहद दर्दनाक है जिसे जीवन की संध्या में सहारे और सुरक्षा की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। सरकार ने बुजुर्गों के कल्याण के लिए कुछ योजनाएं लागू की हैं। ह्यवरिष्ठ नागरिकों का भरण-पोषण और कल्याण अधिनियम, 2007 बच्चों को माता-पिता की देखभाल का कानूनी दायित्व देता है। ह्यराष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत गरीब बुजुर्गों को सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जाते हैं।

हिमाचल में रोगी मित्र योजना की घोषणा की गई है जिसके तहत 70 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वाले बुजुर्गों की घर द्वार सेवा की जाएगी। इसके अलावा हिमाचल सरकार द्वारा 9 वृद्धजन आश्रमों का संचालन भी किया जा रहा है। पेंशन योजनाएं, डे-केयर सेंटर और हेल्पलाइन सेवाएं भी उपलब्ध हैं। लेकिन सच यह है कि विशाल जरूरतों के सामने ये पहलें छोटी-सी कोशिश भर हैं। ऐसे समय में केरल ने एक ऐतिहासिक पहल की है। राज्य ने देश का पहला वरिष्ठ नागरिक आयोग गठित किया है, जो बुजुर्गों के कल्याण, संरक्षण और पुनर्वास को सुनिश्चित करेगा। आयोग उपेक्षा, शोषण, अकेलापन और स्वास्थ्य समस्याओं जैसे मुद्दों को संबोधित करेगा और बुजुर्गों को सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर देगा। साथ ही आयोग, समाज को यह संदेश भी देगा कि वरिष्ठ नागरिक बोझ नहीं, बल्कि अनुभव और ज्ञान का खजाना हैं। ऐसे में यह पहल न केवल समयानुकूल, बल्कि दूरदर्शी कदम भी है। भारत जैसे विशाल देश में वरिष्ठ नागरिक आयोग का गठन हर राज्य में होना चाहिए। यह न केवल बुजुर्गों की समस्याओं को दूर करेगा, बल्कि उन्हें अपनी बात रखने और अधिकार मांगने का मंच भी देगा। 1 अक्टूबर, 2025 को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस की थीम समावेशी भविष्य के लिए बुजुर्गों की आवाज को सशक्त बनाना है। इसका अर्थ यही है कि बुजुर्गों को केवल सहानुभूति की दृष्टि से न देखें, बल्कि उन्हें निर्णय प्रक्रिया का सक्रिय हिस्सा बनाएं। उनका अनुभव और ज्ञान समाज की पूंजी है और उनके योगदान के बिना कोई भी समावेशी भविष्य संभव नहीं। हमारे शास्त्रों में भी बुजुर्गों के सम्मान पर बल दिया गया है। एक श्लोक कहता है, अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनः। चत्वारि तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशो बलम्।। अर्थात जो व्यक्ति नित्य वृद्धजनों को विनम्रता से नमस्कार करता है और उनकी सेवा करता है, उसकी आयु, विद्या, कीर्ति और बल में वृद्धि होती है।

अंततः बुजुर्ग केवल अतीत का बोझ नहीं हैं, बल्कि वर्तमान का अनुभव और भविष्य का मार्गदर्शन हैं। वे उस दीपक की तरह हैं, जिसकी लौ भले ही उम्र के कारण धीमी हो जाए, मगर जिसकी रोशनी से आने वाली पीढ़ियां दिशा पाती हैं। यह युवा पीढ़ी का दायित्व एवं कत्र्तव्य है कि समाज में वृद्ध लोगों का सम्मान करें, उनकी मानवीय गरिमा को बनाएं रखें, उनके अनुभवों और ज्ञान का आदर करें तथा उन्हें प्यार, अपनापन और सामाजिक समावेश प्रदान करें ताकि वे खुशी-खुशी अपना जीवन जिएं। हमें यह याद रखना होगा कि आज जो हमारे बुजुर्ग हैं, कल हम भी उसी पंक्ति में खड़े होंगे। उनका सम्मान ही हमारी आने वाली उम्र की सुरक्षा है। एक ऐसा भारत जहां बुजुर्ग न केवल लंबा जीवन जिएं, बल्कि आत्मनिर्भर, सम्मानित और खुशहाल जीवन जिएं, यही हमारी सभ्यता की सच्ची पहचान होगी।

# स्कूलों में तार-तार होते गुरु-शिष्य रिश्ते

हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की वारदातें, सरकारी स्कूलों की छवि को खराब कर रही हैं और गुरु-शिष्य के रिश्ते को तार-तार कर रही हैं। यह एक चिंतनीय विषय है। शिक्षा विभाग को आरोपितों के प्रति समयबद्ध और कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिए। इन केसों में न्याय में देरी नहीं होनी चाहिए ।

**सत्यपाल वशिष्ठ**

**भारत** प्राचीन काल से ही उच्च नैतिक मूल्यों और अहिंसा के लिए विश्व विख्यात है। यहां नैतिक मूल्यों को बहुत महत्व दिया जाता है। परंतु आज इनसान नैतिक मूल्यों को भूलकर अनैतिक क्रियाकलापों में लगा हुआ है और पवित्र रिश्तों को भी तार-तार कर रहा है। वर्तमान में अनैतिक कार्यों के लिए सख्त से सख्त कानून तथा सजा का प्रावधान होने के बावजूद अनैतिक कार्यों में इजाफा ही हो रहा है। इसके लिए कठोरतम सजा के साथ-साथ समाज में नैतिक शिक्षा को बढ़ावा देने की सख्त आवश्यकता है, क्योंकि ये सब घटनाएं विकृत मानसिकता से ग्रसित लोग ही अंजाम देते हैं। आज समूचे देश में बहुत-से शैक्षणिक संस्थानों के शिक्षकों द्वारा अपने ही शैक्षणिक संस्थानों की बच्चियों का यौन उत्पीड? किए जाने के मामले दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। देवभूमि हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों को ही लें। इनमें भी ये घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। हाल ही में हिमाचल प्रदेश सरकार ने शिक्षा क्षेत्र में गुणात्मक सुधार कर राष्ट्रीय उपलब्धि सर्वेक्षण 2025 में अपनी रैंकिंग को 21वें स्थान से 5वें स्थान पर लाने में कामयाबी प्राप्त की है। उसके बाद पूर्ण साक्षर राज्य बनने के साथ शीर्ष पर पहुंच गया है।

इसके लिए वर्तमान सरकार और विशेषकर शिक्षा मंत्री बधाई के पात्र हैं। परंतु हिमाचल सरकारी शिक्षा संस्थानों में शिक्षकों द्वारा छात्राओं से अवांछित स्पर्श और यौन उत्पीड़न की घटनाओं पर अंकुश लगाने में पिछड़ गया है। सरकार को इस समस्या से निपटने के लिए कड़े कदम उठाने चाहिए। हिमाचल प्रदेश के सरकारी शिक्षा संस्थानों में छात्राओं से अवांछित स्पर्श और यौन उत्पीड़न की न जाने कितनी घटनाएं पूर्व में हुई हैं और वर्तमान में हो रही हैं। इनमें से बहुत सी घटनाएं तो प्रकाश में नहीं आती। कुछ मामले तो बच्चियों और उनके अभिभावकों ने, रिपोर्ट करने की हिम्मत की है। परंतु बहुत से मामलों को विभागीय रसूख से रफा-दफा कर दिया जाता जो विकृत मानसिकता वाले शिक्षकों को और ऐसी वारदातें करने को प्रोत्साहित करता है। ऐसे शिक्षकों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि दूसरे शिक्षक भी ऐसा कार्य न करें। हाल ही में विभिन्न समाचारपत्रों में प्रकाशित हुई छात्रा यौन उत्पीड़न की वारदातों में से मात्र कुछ एक को यहां वर्णित किया जा रहा है। इन वारदातों से पता चल रहा है कि आज पश्चिमी संस्कृति के दौर में गुरु-शिष्य के रिश्ते की मयार्दा को तार-तार किया जा रहा है। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान खोखला सिद्ध हो रहा है क्योंकि बेटियां शिक्षण संस्थानों में उनके गुरुओं के पास सुरक्षित नहीं हैं। शिक्षकों को बच्चों से कहीं ज्यादा नैतिक शिक्षा प्रदान करने की आवश्यकता है। कुनिहार के नजदीक प्राथमिक स्कूल में एक अध्यापक स्कूल की छोटी-छोटी पांच बच्चियों के साथ अश्लील हरकतें करता था। बच्चियां स्कूल जाने से कतराती थीं। अभिभावकों के पूछने पर बच्चियों ने अध्यापक की हरकतों के बारे में बताया। अभिभावकों ने इसकी रिपोर्ट पुलिस में की। अध्यापक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और जांच कर रही है। 22 जून 2025 को सिरमौर जिला के राजगढ़ क्षेत्र के एक स्कूल की आठवीं से दसवीं कक्षा की 24 छात्राओं ने स्कूल के टीजीटी शिक्षक, जो गणित पढ़ाता है, पर छेड़छाड़ व अनुचित व्यवहार करने की लिखित शिकायत स्कूल प्रधानाचार्य को दी। लड़कियों ने डर के कारण अपने माता-पिता को नहीं बताया था। अभिभावकों को तब पता चला जब स्कूल बुलाए गए। लड़कियां दिमागी रूप से परेशान और डरी हुई थीं।

स्कूल प्रबंधन पर अभिभावकों का आरोप है कि वो मामले को दबा रहे थे। पुलिस ने शिक्षक को पोक्सो एक्ट के तहत पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। बिलासपुर स्थित हाइड्रो इंजीनियरिंग कालेज के प्राचार्य पर कालेज की छात्राओं ने यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। 19 मार्च 2025 को अस्पताल में एक वीडियो में आरोपी छात्रा से छेड़छाड़ करता दिख रहा है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ कर जमानत पर छोड़ दिया है। सरकार ने आरोपी को नौकरी से सस्पेंड कर दिया है। आरोपी पिछले कार्यस्थल पर भी ऐसी हरकतें कर चुका है। शिकायत करने के बावजूद आरोपी पर कोई कार्रवाई नहीं की गई थी। इसी तरह नाहन की पुलिस ने 8 जुलाई 2025 को एक स्कूल के पीटीआई को योगाभ्यास के दौरान सातवीं कक्षा की छात्रा के साथ 2 जून को स्कूल समय में गलत हरकत करने पर छात्रा की माता की शिकायत पर पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। आरोपी शिक्षक को न्यायिक हिरासत में भेजा है। सिरमौर जिला के पच्छाद उपमंडल के सरकारी स्कूल की छह छात्राओं ने मई महीने में भाषा अध्यापक पर अनुचित शारीरिक सपर्क करने के आरोप लगाए। अध्यापक को जून महीने में पोक्सो एक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया है। राजगढ़ उपमंडल में एक शिक्षक छात्रा को उसकी सहेली के मोबाइल फोन पर अश्लील संदेश भेजता था। यह मामला पहले का है। शिक्षक का तबादला हो चुका है। छात्रा की माता ने सोलन पुलिस स्टेशन में ऑनलाइन शिकायत की है। इस शिकायत को राजगढ़ पुलिस थाना भेज दिया है। पुलिस छानबीन कर रही है। कुल्लू जिला के डुघीलग क्षेत्र के सरकारी प्राथमिक विद्यालय के चपरासी पर छात्राओं ने गलत नीयत से अवांछित स्पर्श के आरोप का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया तथा अभिभावकों की शिकायत के आधार पर पुलिस पोक्सो एक्ट के तहत चपरासी से पूछताछ कर रही है तथा विभागीय जांच भी की जा रही है। हिमाचल प्रदेश के सरकारी स्कूलों में शिक्षकों द्वारा छात्राओं के साथ छेड़छाड़ की वारदातें, सरकारी स्कूलों की छवि को खराब कर रही हैं और गुरु-शिष्य के रिश्ते को तार-तार कर रही हैं। यह एक चिंतनीय विषय है। शिक्षा विभाग को आरोपितों के प्रति समयबद्ध और कठोरतम कार्रवाई करनी चाहिए। इन केसों में न्याय में देरी नहीं होनी चाहिए। पोक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामलों को शिक्षा निदेशालय स्तर पर ही निपटाना चाहिए और हर हफ्ते इनकी समीक्षा हो।

# हमारा शरीर और मन

## चिंतन-मनन

**श्रीश्री रवि शंकर**

**शिव** का अर्थ है भोलापन। शिव सूत्र छोटे-छोटे सुंदर सूत्र हैं। जीवन के लिए एक सूत्र ही काफी है। आपका जीवन इन सूत्रों के आनंदमय प्रकाश से भर जाएगा। जीवन में भोलापन उदय हो जाएगा। हमारा शरीर और मन दोनों अलग-अलग नियमों पर चलते हैं जैसे आप जितना व्यायाम करेंगे, शरीर उतना हृष्ट-पुष्ट होने लगता है, लेकिन मन के लिए एक अलग ही ढंग है। आप जितना विश्राम करेंगे, मन उतना ही तेज होने लगेगा। सबने सुना है, सब भगवान की इच्छा से होता है। उसकी इच्छा के बिना एक पत्ता भी नहीं हिलता। तो जो भी होता है, सब भगवान ही करते हैं। जब हमें अपना पुरुषार्थ या उद्यम नहीं करना होता है, तो हम कह देते हैं कि जैसी भगवान की इच्छा। जब हमारा संकल्प मजबूत नहीं होता है, तब कह देते हैं कि भगवान की इच्छा।

लेकिन ये बात और जगहों पर लागू नहीं होती है। हम अपनी इच्छा और प्रभु की इच्छा को अलग-अलग मानते हैं। जो अपने अनुकूल हुआ, वह मैंने किया है और जो प्रतिकूल हुआ, वह भगवान ने किया। कहीं जीत हो जाए तो मैंने जीता और कहीं हार गए तो भगवान की इच्छा। हम यह नहीं कहते हैं कि हमने अपनी पूरी शक्ति नहीं लगाई थी, इसलिए हम हार गए। हम इस दार्शनिक उलझन में पड़ गए हैं कि प्रभु करते हैं या हम करते हैं। क्या मैंने भी कुछ किया है या सब कुछ प्रभु ही कराते हैं। इसको समझना बहुत आवश्यक है। इस बात को समझे बिना, अध्यात्म के नाम पर हम क्या-क्या करते हैं। इसलिए तथाकथित धार्मिक या आध्यात्मिक लोग बहुत समस्या पैदा करते हैं। स्वयं भी समस्या में उलझ जाते हैं और दूसरों के लिए भी समस्या पैदा कर देते हैं, क्योंकि उन्हें अकर्मण्यता पकड़ लेती है।

यदि आप किसी कार्य में संलग्न हैं तो उसमें अपना सौ प्रतिशत लगाएं। यही उद्यम है। ये आपको मुक्त कर देगा। जो काम करना है, उसके बारे में सोचकर बैठे रहने से कुछ नहीं होगा। करना है और छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं तो वह भी नहीं होगा। जो करना है, वह पूरा करके समाप्त करें और जो छोड़ना है, उसे छोडकर शांत हो जाएं। दोनों में सौ प्रतिशत लगाएं। यदि हमारे उद्यम से ही सारा लाभ प्राप्त हो जाए, तो हर एक व्यक्ति सफल हो जाता। ऐसा तो नहीं होता है। जब आप कोई काम करते हैं तो कभी सफल होते हैं और कभी असफल होते हैं।

## आपके पत्र

### सरकार बादलों के फटने की रिसर्च करे

मैं एक प्रकृति प्रेमी हूं। मैंने कई बार हिमाचल सहित कई पहाड़ी इलाकों की सैर की है। इस दौरान मुझे पहाड़ों पर बादल फटने के कारण का ज्ञान हुआ। बादल क्यों फटते हैं, फटने से पहले लोगों को कैसे अलर्ट किया जा सकता है, इस संबंध में मेरा मानना है कि मकलोडगंज, पालमपुर और धर्मशाला आदि इलाकों में निचले क्षेत्र होने की वजह से यहां बादल काफी ऊंचाई पर होते हैं, इस तरह बादल फटने की संभावनाएं यहां कम होती हैं।

लेकिन चंडीगढ़ से मनाली के बीच करीब 14 सुरंगें हैं। इन सुरंगों से हवा भी गुजरती रहती है। जब सुरंगों से वाहन गुजरते हैं, तो बादल फटने की संभावना कम होती है, लेकिन खाली सुरंगों से हवा गुजरने की स्थिति में यह संभावनाएं बढ़ जाती हैं। मेरा सरकार से आग्रह है कि वह इस संबंध में और रिसर्च करे और लोगों को ऐसी घटनाएं होने से पहले ही सूचित करे।

सुनिल सिंह

मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website :**
www.metrorays.in
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# 15 अक्टूबर तक नदी घाट से बालू उठाव गैर कानूनी, संलिप्त व्यक्तियों पर होगी कार्रवाई : जिला खनन पदाधिकारी

संवाददाता

**दुमका :** जिले के उपायुक्त अभिजीत सिन्हा के निर्देश के आलोक में जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने बुधवार की सुबह अवैध खनन,परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ कार्रवाई की एवं राजभवन मेनरोड के समीप अवैध बालू ले जाते ट्रैक्टर को जप्त किया। वही अवैध बालू ले जाने वाले चालक, ट्रैक्टर मालिक एवं संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी।

ऐसे हुई कार्रवाई

डीएमओ आनंद कुमार को सूचना मिल रही थी कि अवैध बालू का खनन कर परिवहन किया जा रहा है,जिस पर डीएमओ के द्वारा अविलंब कार्रवाई करते हुए खान निरीक्षक मंजीत कुमार दुबे के नेतृत्व में टीम गठित कर पुलिस बल के साथ बुधवार की सुबह राजभवन के समीप मेनरोड पर वाहनों की जांच की,जांच के क्रम में एक ट्रैक्टर आता दिखा जिसे जांच टीम के द्वारा रोका गया एवं कागाजता की मांग की गयी तो चालक द्वारा कोई भी कागजात नहीं दिखाया गया एवं ट्रैक्टर छोड़कर भाग गया। जिसके बाद ट्रैक्टर समेत ट्रैक्टर में लोड किए गए एक सौ सीएफटी बालू को जप्त कर लिया गया एवं थाने में ट्रैक्टर चालक,मालिक समेत संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज करवायी गयी।

जिला खनन पदाधिकारी आनंद कुमार ने कहा है कि 10 जून से 15 अक्टूबर तक नदी घाटों से बालू उठाव पर पूर्णत प्रतिबंध लगाया गया है,बालू घाट से कोई बालू का उठाव करता है तो पूरी तरह से गैरकानूनी है। उन्होंने कहा कि बालू उठाव में संलिप्त सभी दोषियों पर कार्रवाई की जाएगी।




# भू-अर्जन विभाग के योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक हुई

संवाददाता

**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी हेमंत सती की अध्यक्षता में भू-अर्जन विभागान्तर्गत संचालित योजनाओं की मासिक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।बैठक में उपायुक्त ने पिछले बैठक में दिए गए निर्देशों के आलोक में की गई प्रगति की गहन समीक्षा की और संबंधित पदाधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि लंबित कार्यों को शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा योजनाओं की प्रगति में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।विशेष रूप से एनएचआई के फेज-02 के भूमि अधिग्रहण कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करने पर बल दिया गया। उपायुक्त ने स्पष्ट किया कि इस योजना से जिले के विकास की गति और तेज होगी, अतः सभी संबंधित विभाग पूरी जिम्मेदारी से कार्य सुनिश्चित करें।बैठक में अपर समाहर्ता श्री गौतम भगत, भू-अर्जन पदाधिकारी श्री छुटेश्वर दास तथा सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं अंचलाधिकारी उपस्थित थे।



# सरकार की योजनाओं का लाभ लोगो तक पहुंचे इसके लिए प्रयासरत रहने का निर्देश

संवाददाता

**साहिबगंज/बरहरवा:** नगर पंचायत अंतर्गत कॉंग्रेस अस्थायी कार्यालय राजमहल रोड में स्थानीय कार्यकताओं की उपस्थिति में अहम बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कांग्रेस नगर अध्यक्ष मनोज घोष ने की।जिसमे झारखंड प्रदेश कॉंग्रेस के आदेशानुसार आगामी कार्यक्रमो को लेकर रणनीति तैयार करने पर विशेष चर्चा की गई,वहीं सभी नवनियुक्त वार्ड अध्यक्ष गण की उपस्थिति में नगर अध्यक्षों को एक सप्ताह के अंदर वार्ड कमिटी गठित करने के निर्देश दिए गए।प्रत्येक वार्ड में वोट चोरी रोकने हेतु हस्ताक्षर अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। और संगठन सुदृढ़ीकरण पर जोर देते हुए कार्यकताओं को अपने अपने इलाकों में सरकार की योजनाओं का लाभ लोगो तक पहुँचे इसके लिए प्रयासरत रहने के निर्देष दिये गए।बैठक में बरहरवा नगर पंचायत पर्यवेक्षक,पूर्व प्रत्याशी, प्रखण्ड अध्यक्ष रंजीत टुडू,प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष अशोक दास, नगर पर्यवेक्षक कमल आर्य,वरिष्ठ कॉंग्रेसी मो.नसीरुद्दीन, मो.गुलाब रब्बानी,भोलानाथ महतो,नेहाल अख्तर,थॉमस रोबर्टअजीत कुमार रॉय सहित अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



# सिंहमुख और चंद्रमा से विभूषित देवी भय और नकारात्मकता का नाश करती हैं

संवाददाता

**साहिबगंज :** शारदीय नवरात्री के तीसरे दिन बुधवार को दुर्गा मां के चौथे स्वरूप मां चंद्रघंटा की पूजा पूरे विधि विधान से वैदिक मंत्रोचारण के साथ हुआ।शहर के गोराबाड़ी हटिया दुर्गा मंदिर, कृष्णा नगर बड़ी दुर्गा मंदिर,झरना कॉलोनी दुर्गा मंदिर,पुलिस लाइन दुर्गा मंदिर,साक्षरता चौक दुर्गा मंदिर,पुरानी साहिबगंज ठाकुरबाड़ी मंदिर नया टोला दुर्गा मंदिर, सकरूगढ़ दुर्गा मंदिर,चौक बाजार दुर्गा मंदिर,दहला दुर्गा मंदिर,तलबन्ना दुर्गा मंदिर सहित शहर व जिला के दुर्गा मंदिरो व घरों में वैदिक मंत्रोचारण के साथ विधिवत रूप से मां दुर्गा के चौथे स्वरूप की पूजा अर्चना की गई।पुरोहित सुशील कुमार ने बताया कि मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां चंद्रघंटा का स्वरूप वीरता और साहस का प्रतीक है। सिंहमुख और चंद्रमा से विभूषित यह देवी भय और नकारात्मकता का नाश करती हैं।मां की पूजा करने से भय दूर होता है।मनोबल और साहस बढ़ता है। वही दुर्गा मंदिरो व घरों में वैदिक मंत्रोचारण के साथ पूजन,पाठ ओर मां दुर्गा के भक्ति गीतो से गली मोहल्ला के साथ साथ पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में रंग चुका है।



# पुलिस ने मामले के अनुसंधान के क्रम निजाम को गिरफ्तार की

**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र के महादेवगंज श्रीराम चौकी निवासी मो. निजात को जिरवाबाड़ी पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं।थाना प्रभारी शशि सिंह ने बताया की निजात ने अपने परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया था।जिसको लेकर मामला दर्ज किया गया था।पुलिस ने मामले के अनुसंधान के क्रम निजाम को गिरफ्तार किया हैं पुछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया।

# रसूलपुर दहला निवासी कुंदन पासवान को किया गिरफ्तार

साहिबगंजः नगर थाना पुलिस में रसूलपुर दहला निवासी कुंदन पासवान को गिरफ्तार किया हैं। थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने बताया कि कुंदन के विरुद्ध नगर थाना में मामला दर्ज था और यह लंबे समय से फरार चल रहा था गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने छापेमारी करते हुए गिरफ्तार किया है पूछताछ के बाद जेल भेज दिया।

# आत्मनिर्भर भारत विषय को लेकर भाजपा का एकदिवसीय कार्यशाला संपन्न





संवाददाता

**दुमका :** भारतीय जनता पार्टी,दुमका जिला की आत्मनिर्भर भारत कार्यशाला एवं सेवा पखवाड़ा के तहत प्रबुद्ध संवाद बुधवार को अग्रसेन भवन,दुमका में संपन्न हुई जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष गौरवकांत प्रसाद ने किया।कार्यक्रम की शुरूआत आत्मनिर्भर भारत : कार्यशाला से हुई। कार्यशाला में प्रभारी के रूप में भाजपा नेता परितोष सोरेन उपस्थित थे ।

परितोष सोरेन ने आत्मनिर्भर भारत की अवधारणा पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज भारत आर्थिक, सामाजिक और भी सांस्कृतिक मोर्चे पर आत्मनिर्भरता की दिशा में अभूतपूर्व गति से आगे बढ़ रहा है। यह अभियान केवल एक नारा नहीं, बल्कि नए भारत के निर्माण का राष्ट्रीय संकल्प है। कहा आत्मनिर्भर भारत का मूल मंत्र है लोकल को ग्लोबल बनाना। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने देश के प्रत्येक नागरिक को आत्मनिर्भर बनने की प्रेरणा दी है। आज का यह कार्यशाला समाज के हर वर्ग को यह संदेश देता है कि आत्मनिर्भरता ही सशक्त भारत का आधार है।

इस अवसर पर एक विशेष प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसमें प्रधानमंत्री जी के जीवन के प्रेरणादायी प्रसंगों, ऐतिहासिक उपलब्धियों और विकसित भारत की परिकल्पना को चित्रों एवं प्रदर्श सामग्री के माध्यम से दशार्या गया। प्रदर्शनी को उपस्थित जनसमूह ने अत्यंत उत्साह और रुचि के साथ देखा।

दूसरे सत्र में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत्व ह्लप्रबुद्ध संवादह्व का आयोजन किया गया,गाँडे उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी रहे एवं प्रबुद्ध संवाद कार्यक्रम के प्रभारी दिलीप वर्मा ने कहा ह्लप्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने संघर्षों से निकलकर जो ऊँचाई प्राप्त की है, वह हर कार्यकर्ता को सेवा, समर्पण और त्याग की शिक्षा देती है। आज विकसित भारत का जो सपना दिखाया गया है, उसे पूरा करना हम सबका दायित्व है।ह्व कहा कि मोदी जी ने राजनीति को सेवा और समर्पण का माध्यम बनाया है। उनके नेतृत्व में भारत ने वैश्विक मंच पर अपनी मजबूत पहचान स्थापित की है और आज ह्लविकसित भारत 2047ह्व का संकल्प जन-जन का लक्ष्य बन गया है।

वहीं दुमका के पूर्व सांसद सुनील सोरेन ने अपने संबोधन में कहा ह्लप्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत ने जिस तीव्र गति से प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं, वह हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। आज का यह कार्यक्रम हमारे कार्यकताओं और समाज के सभी वर्गों को आत्मनिर्भर और विकसित भारत के निर्माण के लिए एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है।

जिला मीडिया सह प्रभारी नवल किस्कू ने बताया कार्यशाला में जिलाध्यक्ष गौरवकांत,पूर्व सांसद सुनील सोरेन,प्रदेश मंत्री रविकांत मिश्रा,प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अंजुला मुर्मू,अमिता रक्षित,अनुज आर्या,अमरेंद्र सिंह,जिला महामंत्री पवन केसरी, मार्शल ऋषिराज टुडू,नीतू झा,बबलू मंडल,धर्मेंद्र सिंह,पिंटू साह,रूपेश मंडल,ओम केसरी, गोपीनाथ दत्ता,अमन राज, दीप्तांशु कोचगवे, दिनेश सिंह, गणपति पाल,नरेश मंडल, रुद्रनाथ गोराय, टिंकू गण,नकुल साह, अभिजीत सुमन,रानी सिंह, रामकृष्ण हेंब्रम, अजय सिंह ,बिमल मरांडी, महेंद्र मंडल, सहदेव मरांडी, दुर्योधन राय, गट्टू काननिया, भुवनेश्वर टुडू सहित जिले के वरिष्ठ पदाधिकारी, कार्यकर्ता, प्रबुद्धजन एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की सफलता में भाजपा जिला इकाई, दुमका की पूरी टीम का सक्रिय सहयोग रहा।

## न्यूज IN ब्रीफ

### पंचायत स्तर के हर बूथों पर बीएलए नियुक्त पर की गहन चर्चा



**साहिबगंज :** मंडरो झामुमो मंडरो प्रखंड स्तरीय बैठक स्थान फॉसिल पार्क के पर हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रखण्ड अध्यक्ष सुबोध सोरेन ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में जिला अध्यक्ष अरुण सिंह शामिल हुए।वही विशिष्ट अतिथि के रूप में झामुमो केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला उपाध्यक्ष संजीव शामु हेंब्रम, केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला सचिव सुरेश टुडू,केंद्रीय समिति सदस्य सह जिला प्रवक्ता राजाराम मरांडी,केंद्रीय समिति सदस्य संजय मिश्रा,केंद्रीय समिति सदस्य मुजीबुर रहमान,महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष बसंती हांसदा सचिव संगीता हांसदा शामिल हुए।बैठक का मूल उद्देश्य पार्टी के संगठन को ओर मजबूत बनाने का कार्य सहित पंचायत स्तर के हर बूथों पर बीएलए नियुक्त हेतू गहन चर्चा की गई।साथ ही प्रखंड में कोई भी समस्या हो तो सीधे तौर पर जिला स्तर के पदाधिकारी को सूचित करने का निर्देश दिया गया।

### तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार को मारी टक्कर, तीन लोग गंभीर रूप से घायल



**साहिबगंज :** बोरियो थाना क्षेत्र के बांझी के समीप तेज रफ्तार हाईवा ने बाइक सवार बोरियो निवासी छोटे लाल टुडू ,रिन्ता टुडू,मोटका मुर्मू को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए, स्थानीय लोगों की मदद से बोरियों पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार कर सभी को रेफर कर दिया।घायलों ने बताया कि हम तीनों साहिबगंज न्यायालय परिसर में पेंटिंग का काम कर रहे हैं इस काम को करने के लिए बोरियों से साहिबगंज आ रहे थे। तभी विपरीत दिशा से तेज रफ्तार हाईवा में जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे हम लोग तीनों जंगल में जा गरे और गंभीर चोट लगी स्थानीय लोगों ने इस घटना की जानकारी बोरियों पुलिस को दी बोरिया पुलिस के सहयोग से इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती करवाया गया।

### 36वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में परमा हांसदा ने मिडले रीले में जीता रजत पदक



**साहिबगंज :** एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया,नई दिल्ली के निर्देश के आलोक में झारखंड एथलेटिक्स संघ,रांची के द्वारा आगामी 22 से 24 सितम्बर तक बिरसा मुंडा फुटबॉल स्टेडियम,मोराबादी,रांची में संपन्न तीन दिवसीय 36वीं पूर्वी क्षेत्र जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जिले के एथलीटों ने अंतिम दिन तक परमा हांसदा ने बालक अंडर 16 वर्ष आयु वर्ग में रजत पदक जीता।वहीं चमकदार प्रदर्शन करते हुए राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए 02 स्वर्ण,02 रजत एवं 02 कांस्य पदक समेत कुल 06पदक जीता।वहीं सोनोत मरांडी 05वे एवं पृथ्वी मंडल 06 स्थान पर रह सराहनीय प्रदर्शन किया।जिसमें खेल विभाग के कोच योगेश यादव, अशोक साहनी का सराहनीय सहयोग रहा। इस उपलब्धि पर उपायुक्त हेमंत सती, उपविकास आयुक्त सतीश चंद्रा, अपर समाहर्ता गौतम भगत,जिला खेल पदाधिकारी कुमार हर्ष समेत जिले के खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों को बधाई दी।

### ससमय कार्रवाई सुनिश्चित करने का दिया निर्देश



**साहिबगंज :** समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में उपायुक्त हेमंत सती की अध्यक्षता में जिला सामान्य शाखा की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में लोकायुक्त से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई, जिसमें कुल 55 मामले प्राप्त हुए थे। जिनमें से 54 का निष्पादन किया जा चुका है और 01 मामला लंबित है। इसी प्रकार राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग से संबंधित 49 मामले प्राप्त हुए ।जिनमें से 43 मामलों का निष्पादन किया गया है तथा 06 मामले लंबित हैं। उपायुक्त हेमंत सती ने लंबित मामलों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए व ससमय कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इस अवसर पर सामान्य शाखा प्रभारी सुनीता किस्कू सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

# एमी विर्क और तानिया स्टारर गोडे गोडे चा 2 का पहला पोस्टर रिलीज




**बहुप्रतीक्षित** पंजाबी कॉमेडी-ड्रामा गोडे गोडे चा 2 का पहला पोस्टर रिलीज कर दिया गया है। जी स्टूडियो और वीएच मीडिया के सहयोग से बनी यह फिल्म अब तक का सबसे बड़ा कॉमेडी धमाका साबित होने जा रही है।यह सीक्वल अपनी पिछली फिल्म गोडे गोडे चा (जी स्टूडियो) की विरासत को आगे बढ़ाता है, जो 26 मई, 2023 को रिलीज हुई थी और पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे सफल और चर्चित फिल्मों में से एक बनी। इसने सर्वश्रेष्ठ पंजाबी फीचर फिल्म का राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार भी अपने नाम किया। जी स्टूडियो की गोडे गोडे चा 2 के नए पोस्टर में शादी-ब्याह की रस्मों पर पुरुषों और महिलाओं के बीच मजेदार जंग को दिखाया गया है। पहली फिल्म में जीत दर्ज करने के बाद गाँव की महिलाएँ अब शादी की तैयारियों की कमान संभाल रही हैं, जिससे पुरुष अपनी पारंपरिक भूमिकाएं वापस पाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आते हैं। सुपरस्टार एमी विर्क और प्रतिभाशाली तानिया की नई जोड़ी इस प्रिय फ्रेंचाइजी में ताजगी और हास्य का अनोखा तडका लगाती है। पोस्टर के लांच पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए एमी विर्क ने कहा कि इस बार फिल्म में महिलाएं हमें पुरुषों को सचमुच गोल-गोल दौड़ा रही हैं। यह पिछली फिल्म से भी बड़ा कॉमेडी धमाका है। सबसे खास बात यह है कि इस बार भी फिल्म हास्य के साथ एक सामाजिक संदेश लेकर आती है और हम यहां हैं, ताकि लोग पुरुषों का पक्ष भी भूल न जाएं (हंसते हुए)। पॉवर-पैक पंचलाइन और महिलाओं की मजबूत भूमिका के साथ, मैं बेसब्री से कर रहा हूँ कि आप सब इस फिल्म का मजा लें और इसके जरूरी संदेश को महसूस करें। तानिया ने कहा कि पहली फिल्म ने इसलिए इतनी गहराई से जुड़ाव बनाया, क्योंकि यह परिवार की कहानी थी और पुराने रीति-रिवाजों के खिलाफ एक हल्का-सा संदेश भी देती थी। इस बार महिलाएँ और अधिक सशक्त हैं, कॉमेडी और धारदार है और समानता का संदेश और भी मजबूत है। हमें इंतजार है कि हर कोई इस पोस्टर से फिल्म की झलक देखे और उत्साह महसूस करे। विजय कुमार अरोड़ा द्वारा निर्देशित और जगदीप सिद्धू द्वारा लिखित गोडे गोडे चा 2 को जी स्टूडियो और वीएच एंटरटेनमेंट के सहयोग से 22 अक्तूबर, 2025 को विश्वभर में रिलीज किया जाएगा।




# आ गया बादशाह का नया गाना कोकैना

**हिप**-हॉप स्टार बादशाह का नया पार्टी एंथम कोकैना रिलीज हो गया है। सारेगामा म्यूजिक द्वारा रिलीज किए गए इस गाने में बादशाह के साथ पंजाबी सिंगर सिमरन कौर ढडली और अभिनेत्री नताशा भारद्वाज भी हैं। पानी पानी जैसी हिट्स के बाद यह गाना बादशाह और सारेगामा म्यूजिक की एक और सफल पेशकश है। इस ट्रैक का म्यूजिक हितेन ने दिया है, जबकि इसकी कोरियोग्राफी पीयूष और शजिया ने की है। बादशाह ने कहा कि कोकैना जिंदगी और आज के पल का जश्न मनाने के बारे में है। गाने का म्यूजिक वीडियो अब यूट्यूब पर लाइव है और यह सभी प्रमुख ऑडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर भी उपलब्ध है।

उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में हाईकोर्ट में ढक्छ (जनहित याचिका) दायर की गई है। कोर्ट ने सरकार से पूछा है कि रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई और अब तक कितना पैसा वसूला गया।

**बयान से बढ़ी हलचल :** जैसे ही यह वीडियो सामने आया, सोशल मीडिया पर बहस छिड़ गई। अगर यह मामला आगे बढ़ता है, तो शाहरुख खान और उनका मशहूर बंगला मन्नत बड़ी मुश्किल में फंस सकते हैं।

### शहरुख खान को झटका!

## बंगले 'मन्नत' की जमीन निकली सरकारी, हाईकोर्ट से नोटिस जारी



**बॉलीवुड** सुपरस्टार शाहरुख खान के आलीशान बंगले मन्नत को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। दावा किया जा रहा है कि यह बंगला सरकारी जमीन पर बना है। सिर्फ मन्नत ही नहीं बल्कि मुंबई के मशहूर होटल ताज और जेडब्ल्यू मैरियट को भी इस सूची में शामिल किया गया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें महाराष्ट्र के पूर्व विधायक हर्षवर्धन जाधव दावा करते हैं कि ये संपत्तियां सरकारी जमीन पर खड़ी हैं।

**पूर्व विधायक ने क्या कहा :** वायरल वीडियो में पूर्व विधायक हर्षवर्धन जाधव ने वकीलों के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए नजर आ रहे हैं। इस दौरान उन्होंने 2013 की कैग रिपोर्ट का हवाला देते हुए दावा किया कि ये संपत्तियां सरकारी जमीन पर खड़ी हैं।

जाधव का कहना है कि, शाहरुख खान का बंगला मन्नत, ताज होटल और जेडब्ल्यू मैरियट झ्र ये सभी प्रॉपर्टीज सरकार की हैं। इसकी जानकारी 2013 की क्रैग रिपोर्ट में साफ-साफ लिखी हुई है, लेकिन तब से अब तक सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की। इस लापरवाही की वजह से सरकार को करोड़ों का रेवेन्यू नुकसान हुआ है।


जाधव ने आगे कहा कि सरकार के पास इस समय राजस्व की भारी कमी है और वह यह जवाब नहीं दे पाएगी कि नुकसान की भरपाई कहां से होगी। उन्होंने साफ कहा कि या तो सरकार इन प्रॉपर्टीज को खाली करवाए, या फिर इनके मालिकों से विज्ञापन और अन्य तरीकों से वसूली करे।

# रानी मुखर्जी ने पिता को समर्पित किया राष्ट्रीय पुरस्कार



**बॉलीवुड** अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने फिल्म मिसेज चटर्जी वर्सेस नॉर्वे के लिए मिले सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार को अपने दिवंगत पिता को समर्पित किया है। रानी मुखर्जी अपनी 30 साल की अभिनय यात्रा में पहला राष्ट्रीय पुरस्कार जीतकर भावुक हो गईं। रानी मुखर्जी ने कहा कि मैं सचमुच अभिभूत हूं। यह सम्मान मेरे लिए बहुत मायने रखता है और मैं इसे अपने दिवंगत पिता को समर्पित करती हूं, जिन्होंने हमेशा इस पल का सपना देखा था। आज मैं उन्हें बेहद याद कर रही हूं। मुझे पता है कि यह उनका आशीर्वाद और मेरी मां की प्रेरणा व ताकत है, जिसने मुझे मिसेज चटर्जी की भूमिका निभाने में मार्गदर्शन दिया।

रानी ने अपने प्रशंसकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मेरे शानदार फैन्स, हर सुख-दुख में साथ देने के लिए धन्यवाद। आपका अटूट प्यार और समर्थन ही मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा रहा है। मुझे पता है कि यह पुरस्कार आप सभी के लिए कितना अहम है, और आपको खुश देखकर मुझे भी अपार खुशी मिल रही है। रानी मुखर्जी ने निर्देशक असीमा, निमार्ताओं निखिल, मोनिषा, मधु और पूरी जी टीम, साथ ही एस्टोनिया और भारत के कास्ट-क्रू का भी धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि कोविड काल की चुनौतियों के बीच यह फिल्म संभव ही नहीं होती अगर टीम ने दिल से मेहनत न की होती। उन्होंने राष्ट्रीय पुरस्कार की ज्यूरी का आभार जताते हुए कहा कि यह फिल्म और यह पल मेरे दिल में हमेशा खास रहेगा। रानी मुखर्जी ने इस सम्मान को दुनिया की सभी माताओं को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि मिसेज चटर्जी वर्सेज नॉर्वे की कहानी ने मुझे गहराई से छुआ क्योंकि यह एक प्रवासी मां की अटूट जीवन की दास्तान है, जो अपने बच्चे की रक्षा के लिए हर मुश्किल का सामना करती है। एक मां होने के नाते यह किरदार बेहद निजी था। इस फिल्म के जरिए हमने मातृत्व की शक्ति को सम्मान देने की कोशिश की है और मैं चाहती हूं कि यह याद दिलाए कि हर दिन औरतों के भीतर अपार ताकत होती है।



## कौर वर्सेज कोर में सनी लियोनी का डबल रोल,6

**बॉलीवुड** अभिनेत्री सनी लियोनी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) फीचर फिल्म कौर वर्सेज कोर में डबल रोल में नजर आएंगी। सनी लियोनी इन दिनों एक एआई फिल्म में काम कर रही हैं। इस फिल्म में वह लीड रोल में नजर आने वाली हैं। सनी लियोनी की फिल्म का नाम कौर वर्सेज कोर है। इस फिल्म को पैपराजी एंटरटेनमेंट कंपनी के बैनर तले बनाया जा रहा है और मेकर्स ने इस फिल्म को भारत की पहली एआई फीचर फिल्म कह रहे हैं। सनी इस फिल्म में डबल रोल में नजर आने वाली हैं। एक किरदार इंसानी सुपर हीरो का होगा और दूसरा एआई अवतार होगा। सनी लियोनी ने बताया कि उन्होंने आठ साल पहले कोर का किरदार रचा था, लेकिन उसे पूरा रूप एआई तकनीक ने ही दिया। फिल्म के निमार्ता अजींक्य जाधव का कहना है कि यह कहानी परंपरा और भविष्य को जोड़ने का प्रयास है और यही भारतीय सिनेमा को दुनिया के सामने नई पहचान देगा। सनी लियोनी की एआई कौर वर्सेज कोर वर्ष 2026 में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

## श्रेयस अय्यर ने पीठ की समस्या के चलते टेस्ट क्रिकेट से लिया ब्रेक



**नई दिल्ली:** मुंबई के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड और मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर को सूचित किया है कि वह अब लाल गेंद (रेड-बॉल) क्रिकेट यानी टेस्ट और प्रथम श्रेणी क्रिकेट से ब्रेक लेना चाहते हैं। यह फैसला उन्होंने लखनऊ में चल रहे इंडिया-ए और ऑस्ट्रेलिया-ए के बीच मैच से हटने के दो दिन बाद लिया। दो महीने के बाद 31 साल के होने वाले अय्यर ने मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर से बात कर अपनी परेशानी बताई। अय्यर ने कहा कि उनके लिए लंबे फॉर्मेट के क्रिकेट का दबाव झेलना मुश्किल हो रहा है और उन्हें पीठ में तकलीफ महसूस हो रही है। इसी कारण उन्होंने इंडिया-ए के मैच से नाम वापस ले लिया।

## एशेज सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित, बेन स्टोक्स कप्तान, ब्रूक उपकप्तान



**लंदन/एजेंसी:** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इस साल के अंत में होने वाली एशेज सीरीज के लिए इंग्लैंड की टीम घोषित कर दी गई है। बेन स्टोक्स की कप्तानी में इंग्लैंड को 21 नवंबर से आठ जनवरी तक ऑस्ट्रेलिया दौरे पर 5 टेस्ट मैच खेलने हैं। ओली पोप से उपकप्तानी छीन ली गई है। उनकी जगह युवा बल्लेबाज हैरी ब्रूक को यह जिम्मेदारी दी गई है। भारत के खिलाफ जुलाई-अगस्त में हुई सीरीज में ओली पोप उपकप्तान थे। हालांकि, पोप 16 में अपनी जगह बचाने में कामयाब रहे हैं। इसके अलावा न्यूजीलैंड के खिलाफ न्यूजीलैंड में होने वाली वनडे और टी-20 सीरीज के लिए भी इंग्लैंड की टीम घोषित कर दी गई है। ऑस्ट्रेलिया जाने से पहले इंग्लैंड की टीम न्यूजीलैंड जाएगी। वहां 18 अक्तूबर से नवंबर तक इंग्लैंड को तीन वनडे और तीन टी-20 मैच खेलने हैं। जैकब बेथल ओली पोप ने भले ही टीम में जगह बना ली है,

# आईसीसी टी20 रैंकिंग : अभिषेक बल्लेबाजों, वरुण गेंदबाजों, हार्दिक ऑलराउंडर्स में नंबर वन

### लगातार दूसरे हफ्ते भारतीय टीम शीर्ष पर अभिषेक शर्मा बल्लेबाजों वरुण गेंदबाजों, हार्दिक ऑलराउंडर्स में नंबर वन

**एजेंसी/ दुबई:** आईसीसी रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों का दबदबा बरकरार है। भारतीय टीम फिलहाल एशिया कप में हिस्सा ले रही है और उसका अजेय प्रदर्शन जारी है। इसका टीम के खिलाड़ियों को फायदा हुआ है और ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या, स्पिनर वरुण चक्रवर्ती और सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने अपने-अपने वर्ग में शीर्ष स्थान बरकरार रखा है। यहां तक कि टी-20 टीम रैंकिंग में भी भारतीय टीम टॉप पर मौजूद है। पिछले सप्ताह ही सभी चारों कैटेगरी में भारत का दबदबा बना था। ऐसा पहली बार हुआ कि एक ही टीम और उसके खिलाड़ियों ने किसी एक फॉर्मेट की सभी चार कैटेगरी में नंबर-1 स्थान हासिल किया। वरुण चक्रवर्ती टी-20 रैंकिंग में



नंबर वन बॉलर बने हुए हैं। बैटर अभिषेक शर्मा नंबर वन पर बरकरार हैं। वहीं, ऑलराउंडर्स में हार्दिक पांड्या टॉप पर हैं। बैटर्स में भारतीय ओपनर अभिषेक शर्मा अपना पहला स्थान बरकरार रखा है।

उन्होंने ओमान के खिलाफ भारत के अंतिम ग्रुप स्टेज के मुकाबले में 38 और रविवार को पाकिस्तान के 74 रन की पारी खेली थी। उनके अलावा, तिलक वर्मा एक स्थान ऊपर चढकर तीसरे स्थान पर पहुच गए हैं। पाकिस्तानी बैटर साहिबजादा फरहान 31 स्थानों की छलांग लगाकर 24वें नंबर पर पहुच गए हैं। बॉलर्स रैंकिंग में वरुण चक्रवर्ती टॉप पर बने हुए हैं। 34 साल के इस स्पिनर का एशिया कप में अच्छा प्रदर्शन जारी है। फिलहाल उनका रेटिंग प्वॉइंट 747 हो गया है। वरुण ने पिछले सप्ताह ही नंबर-1 पोजिशन हासिल की थी। दूसरे नंबर पर न्यूजीलैंड के जैकब डफी हैं। बांग्लादेश के तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान छह स्थान की छलांग लगाकर टॉप-10 में वापस आ गए हैं। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप में अपने पिछले दो मैचों में छह विकेट लिए हैं। भारतीय स्टार हार्दिक पांड्या टी-20 इंटरनेशनल ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में पहले नंबर पर बने हुए हैं। जबकि पाकिस्तान के अबरार अहमद 12 स्थान ऊपर चढ़कर चौथे नंबर पर पहुंच गए हैं। फिलहाल उनकी रेटिंग प्वाइंट्स 703 है।

# अपनी नाकामी छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रही है कांग्रेस, जारी रहेंगे जीएसटी सुधार: मोदी

**नोएडा:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस और उसके सहयोगी दलों पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों पर देशवासियों को भ्रमित करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि कांग्रेस अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपा रही है और देश की आर्थिक मजबूती के लिए मोदी सरकार में जीएसटी सुधारों का सिलसिला अनवरत जारी रहेगा। पीएम मोदी ने दुनिया भर की कंपनियों का आह्वान करते हुए कहा कि भारत और उत्तर प्रदेश निवेश के लिए सबसे उपर्युक्त और आकर्षक जगह है तथा यहां पर निवेश भारत के साथ साथ विदेशी कंपनियों के लिए भी फायदे का सौदा है।



पीएम मोदी ने गुरुवार को यहां उत्तर प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय व्यापार प्रदर्शनी का उद्घाटन करने के बाद अपने संबोधन में जीएसटी व्यवस्था लागू किए जाने और बाद में उसमें किए गए नई पीढ़ी के सुधारों का उल्लेख किया और कहा कि इससे देश में आर्थिक मजबूती का सूत्रपात हुआ है। जीएसटी सुधारों पर विपक्ष की बयानबाजी पर उसे आडे हाथों लेते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी दल 2014 से पहले की अपनी सरकारों की नाकामियों को छिपाने के लिए लोगों को भ्रमित कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री ने कहा, कुछ राजनीतिक दल देश के लोगों को भ्रमित करने का प्रयास कर रहे हैं। वर्ष 2014 की सरकार की नाकामी छिपाने के लिए कांग्रेस और उसके साथी दल जनता से झूठ बोल रहे हैं। उस समय कर की लूट मची हुई थी और उस कर में से भी लूट होती थी। जनता पर कर की मार थी। पीएम मोदी ने कहा कि उनकी सरकार ने कर कम करके महंगाई कम की है। सरकार ने लोगों की आय बढ़ाई है और कर को कम किया है। उन्होंने कहा कि यदि 12 लाख आयकर मुक्त राशि और जीएसटी सुधारों से होने वाल फायदा को जोड़ा जाए तो लोगों के एक वर्ष में ढाई लाख करोड़ रुपए बचने जा रहे हैं। इसीलिए देश जीएसटी बचत उत्सव मना रहा है।

जीएसटी सुधारों को जारी रखने का ऐलान करते हुए उन्होंने कहा कि यह सिलसिला जारी रहेगा। उन्होंने कहा, हम यहीं नहीं रूकने वाले। पहले 2017 में जीएसटी लाया गया और अब 2025 में जीएसटी में सुधार से आर्थिक मजबूती के बाद फिर से सुधार के बल पर आर्थिक मजबूती लाएंगे और जीएसटी में सुधार का सिलसिला चलता रहेगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में देश में राजनीतिक स्थिरता और नीति निर्माण के साथ-साथ कुशल युवा आबादी है। उन्होंने कहा कि दुनिया के किसी भी देश में ये सभी चीजें एक साथ नहीं है जबकि भारत में निवेश के लिए जरूरी हर चीज मौजूद है।

उन्होंने कहा कि दुनिया की कोई भी कंपनी अगर अपनी बढ़ोतरी को नये पंख लगाना चाहती है तो भारत और उत्तर प्रदेश उसके लिए सबसे आकर्षक निवेश स्थान है। यह सभी के लिए फायदे की स्थिति की तरह है। उन्होंने वहां मौजूद सभी हितधारकों से मिलकर विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश बनाने का संकल्प लेने को कहा।

# लद्दाख हिंसा में चार लोगों की मौत 72 जख्मी, शहर में मार्च और रैली बैन

## पूर्ण राज्य का दर्जा मांग रहे प्रदर्शनकारियों ने भाजपा ऑफिस जलाया, शहर में मार्च-रैली बैन

**एजेंसी/लेह:** केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा देने की मांग कर रहे छात्रों के प्रदर्शन ने बुधवार को तब हिंसक रूप ले लिया, जब राजधानी लेह में प्रदर्शनकारी छात्रों की पुलिस भिड़ंत हो गई। प्रदर्शनकारी छात्रों ने पुलिस पर पत्थरबाजी की फिर सीआरपीएफ की गाड़ियां फूंक दी। भाजपा दफ्तर को भी आग के हवाले कर दिया। आंदोलनकारी छात्रों को काबू में करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले दागे। इससे छात्र और उग्र हो गए और पत्थरबाजी करने लगे। पुलिस को उग्र छात्रों पर लाठीचार्ज और फिर फायरिंग करनी पड़ी। इस संघर्ष में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 72 लोग घायल हैं। छात्रों का यह विरोध प्रदर्शन लद्दाख को पूर्ण राज्य का दर्जा दिए, जाने और संविधान की छठी अनुसूची में शामिल किए जाने की मांग के समर्थन में था। इसी मांग को लेकर मशहूर पर्यावरणविद सोनम वांगचुक पिछले 15 दिनों से भूख हड़ताल पर थे। बुधवार को स्थानीय लोगों ने सोनम वांगचुक के समर्थन में लद्दाख बंद का आह्वान किया था। इसके बाद सैकड़ों लोग लेह की सडकों पर उतर आए थे और इसी दौरान उनकी पुलिस से भिड़ंत हो गई और मामला बिगड़ गया। फिलहाल स्थिति कंट्रोल में है और प्रशासन ने लेह में बिना अनुमति



रैली, प्रदर्शन पर बैन लगा दिया है।

केंद्र सरकार ने छह अक्तूबर को लद्दाख के प्रतिनिधियों को बातचीत के लिए बुलाया है। वहीं सामाजिक कार्यकर्ता सोनम वांगचुक ने हिंसा के बाद अनशन खत्म कर दिया। उन्होंने हिंसक प्रदर्शन पर दुख जताया और शांति की अपील की। सोनम वांगचुक ने कहा कि यह लद्दाख के लिए दुख का दिन है। हम पांच साल से शांति के रास्ते पर चल रहे थे। अनशन किया, लेह से दिल्ली तक पैदल चलकर गए। आज हम शांति के पैगाम को असफल होते हुए देख रहे हैं। हिंसा, गोलीबारी और आगजनी हो रही है। मैं लद्दाख की युवा पीढ़ी से अपील करता हूं कि इस बेवकूफी को बंद करें। हम अपना अनशन तोड़ रहे हैं, प्रदर्शन रोक रहे हैं। इसी बीच, जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री और पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने वीडियो शेयर करते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि भारत सरकार ईमानदारी और गंभीरता से यह आकलन करे कि 2019 के बाद से वास्तव में क्या बदला है। यह वीडियो कश्मीर घाटी का नहीं है, जिसे हमेशा अशांति का केंद्र माना जाता रहा है, बल्कि लद्दाख का है। यहां गुस्साए प्रदर्शनकारियों ने पुलिस की गाड़ियों और भाजपा कार्यालय को आग के हवाले कर दिया। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि लेह, जो अब तक शांतिपूर्ण और संयमित आंदोलनों के लिए जाना जाता था, अब हिंसक प्रदर्शनों की ओर बढ़ता दिखाई दे रहा है। लोगों का सब्र टूट चुका है। वे खुद को ठगा हुआ, असुरक्षित और अधूरे वादों से निराश महसूस कर रहे हैं।

# जम्मू-कश्मीर का इंतजार खत्म, 24 अक्तूबर को राज्यसभा चुनाव, पंजाब की एक सीट के लिए भी नोटिफिकेशन जारी

**नई दिल्ली:** जम्मू-कश्मीर में 2021 से ही खाली चल रही चार राज्यसभा सीटों को भरने का इंतजार खत्म हो रहा है। चुनाव आयोग ने बुधवार को घोषणा की है कि केंद्र शासित प्रदेश की सभी चार राज्यसभा सीटों पर 24 अक्तूबर को चुनाव होगा। संयुक्त जम्मू-कश्मीर में भी चार ही राज्यसभा सीटें थीं और जब पुनर्गठन हुआ, तो सभी को उसके साथ ही रखा गया।





वहीं लद्दाख में कोई विधानसभा नहीं है और वह चंडीगढ़ की तरह एक केंद्र शासित प्रदेश भर है। विधानसभा न होने के चलते वहां राज्यसभा की सीट भी नहीं है। पंजाब की भी एक राज्यसभा सीट पर चुनाव के लिए नोटिफिकेशन जारी हुआ है। यहां भी 24 अक्तूबर को ही चुनाव होगा। उसी दिन शाम को जम्मू-कश्मीर की चारों सीटों और पंजाब की एक सीट पर हुए चुनाव के वोटों की गिनती होगी।

# पिस्टल की नोंक पर फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी से सात लाख की लूट

**समस्तीपुर:** बिहार मे समस्तीपुर जिले के नगर थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक निजी फाइनेंस कंपनी के कर्मचारियों से करीब सात लाख रुपये लूट लिए। वहीं, इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि शहर के सरोजनी गली स्थित भारत फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी करीब सात लाख रुपये लेकर शहर के एक बैंक में जमा करने जा रहे थे। इस दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने पिस्तौल का भय दिखाकर उनसे रुपये लूट लिए।

सूत्रों ने बताया कि रुपए लूटने के बाद शहर के इस व्यस्तम बाजार से अपराधी हथियार लहराते हुए मोटरसाइकिल से फरार हो गए। लूट की घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ पदाधिकारी मौके पर पहुंचकर मामले की छानबीन कर रहे हैं।

# एमवे इंडिया के दो नए स्किनकेयर प्रोडक्ट्स लॉन्च





**नई दिल्ली:** एमवे इंडिया, जो स्वास्थ्य और वेलनेस की अग्रणी कंपनी है, ने दो नए स्किनकेयर प्रोडक्ट्स लॉन्च किए हैं - आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन डिफाइंग सीरम और आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन करेक्टिंग सीरम। ये सीरम त्वचा पर बुढ़ापे के शुरुआती लक्षणों और कारकों को कम करते हैं। ये नए सीरम, आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन की हाइड्रेटिंग, बैलेंसिंग, और रिन्यूइंग एवं फिर्मिंग रेंज पर आधारित हैं, जिन्हें अलग-अलग उम्र में बदलती स्किनकेयर जरूरतों को ध्यान में रखकर खास तौर पर तैयार किया गया।

एमवे इंडिया के प्रबंध निदेशक, रजनीश चोपड़ा ने कहा, भारतीय स्किनकेयर मार्केट तेजी से बढ़ रहा है, जिसका मुख्य कारण है उपभोक्ताओं की बढ़ती जागरूकता, बढ़ती इनकम व खर्च करने की क्षमता और प्रीमियम व नैचुरल प्रोडक्ट्स[1] की माँग। आजकल ज्यादा से ज्यादा लोग त्वचा की सेहत को महत्व देने लगे हैं। एमवे इंडिया की चीफ मार्केटिंग ऑफिसर अमृता असरानी के अनुसार, आज के उपभोक्ता ऐसे गुणवत्तापूर्ण उत्पाद खोज रहे हैं जो आत्मविश्वास, सशक्तिकरण और एजलेस ब्यूटी जैसी समय के साथ बदलती उनकी सोच से मेल खाते हों। एमवे इंडिया ने इस बदलाव को अपनाया है आर्टिस्ट्री स्किन न्यूट्रिशन के जरिए, यह हमारी अगली पीढ़ी की स्किनकेयर रेंज है, जो न्यूट्रिलाइट की 90 वर्ष की बोटैनिकल विशेषज्ञता और आर्टिस्ट्री की 60 साल की एडवांस स्किन साइंस को साथ मिलाती है।

# महिंद्रा ने 1.84 लाख रुपए तक घटाए गाड़ियों के दाम





**नई दिल्ली:** वाहन निर्माता कंपनी महिंद्रा ने अपने चुनिंदा मॉडलों की कीमतों में 1.84 लाख रुपए तक की कमी करने की घोषणा की। कंपनी ने बताया कि इसमें वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) का लाभ देने के अलावा त्योहारी छूट भी शामिल है। ग्राहकों को बोलेरो कैंपर पर 93 हजार रुपए तक की जीएसटी कटौती के अलावा 35 हजार रुपए तक की अतिरिक्त छूट मिलेगी। इस प्रकार कुल छूट 1.28 लाख रुपए तक होगी। बोलेरो पिकअप पर 90 हजार रुपए तक की त्योहारी छूट के साथ 1.71 लाख रुपए तक की छूट मिलेगी। हर मॉडल पर घोषित छूट की राशि उनके मॉडलों के लिए अलग-अलग होगी।


पैक्स पिकअप एचडी की कीमत में 1.74 लाख रुपए तक (80 हजार रुपए की त्योहारी छूट समेत) और मैक्स पिकअक सिटी में 1.50 लाख रुपए तक (1.05 लाख रुपए की अतिरिक्त छूट सहित) की घोषणा की गई है। वीरो पर 1.05 लाख रुपए तक और सुप्रो पर 1.20 लाख रुपए तक की त्योहारी छूट के साथ इनकी कीमतों में क्रमश: 1.83 लाख रुपए और 1.84 लाख रुपए तक की कमी की गई है।

महिंद्रा ने इससे पहले 06 सितंबर को जीएसटी में की गई कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को पहले ही देते हुए तत्काल प्रभाव से कुछ मॉडलों के दाम कम करने की घोषणा की थी। इन मॉडलों में बोलेरो/निओ, एक्स यूवी3एक्सओ (पेट्रोल और डीजल), थार 2डब्ल्यूडी और थार 4डब्ल्यूडी (दोनों डीजल), स्कॉर्पियो क्लासिक, स्कॉर्पियो-एन, थार रॉक्स और एक्सयूवी700 शामिल हैं।

# दारोगा की पत्नी ने लगाई फांसी, मौत, मची चीख-पुकार

## 5 महीने पहले हुई थी शादी

**रोहतास:** बिहार के रोहतास जिले से एक दिल-दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां पर एक दरोगा की पत्नी ने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या की सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



जानकारी के मुताबिक, मामला करगहर थाना परिसर का है। बताया जा रहा है कि बुधवार देर रात को करगहर थाने में तैनात दारोगा ज्ञानदीप कुमार ड्यूटी से अपने आवास पहुंचे तो उनकी पत्नी का शव पंखे से लटक रहा था।

इधर, घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस ने इस घटना की जानकारी मृतका के परिजनों को दे दी है। फिलहाल, अभी मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है। बताया जा रहा है कि पांच महीने पहले दोनों की शादी हुई थी।

# 2025 का फेस्टिव सीजन 2 लाख तक रोजगार के अवसर कर सकता है पैदा : रिपोर्ट

**नई दिल्ली:** 2025 का फेस्टिव सीजन 2 लाख तक नए रोजगार के अवसर पैदा कर सकता है, जिनमें से 70 प्रतिशत गिग वर्क होने की उम्मीद है। यह जानकारी गुरुवार को आई एक रिपोर्ट में दी गई। एनएलबी सर्विसेज की रिपोर्ट बताती है कि भारत की फेस्टिव इकोनॉमी हमेशा से उपभोक्ता खर्च को बढ़ाने में अहम रही है और 2025 में सीजनल डिमांड किस तरह रोजगार मॉडल को आकार दे रहा है, इसमें एक संरचनात्मक बदलाव देखने को मिल रहा है।





इस वर्ष की शुरुआत में शुरू हुआ फेस्टिव सीजन रिटेल, ई-कॉमर्स, लॉजिस्टिक्स और कंज्यूमर सर्विसेज जैसे प्रमुख क्षेत्रों में 2 लाख तक नौकरियां पैदा कर सकता है। त्योहारी अवधि के दौरान भर्ती पिछले साल की तुलना में लगभग 20-25 प्रतिशत बढ़ सकती है। सप्लाई चेन और लास्ट-माइल डिलीवरी इंफ्रास्ट्रक्चर में बड़े निवेश के कारण क्विक कॉमर्स और थर्ड-पार्टी लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्र इस बढ़त को गति दे रहे हैं। नई नौकरियों में से 70 प्रतिशत गिग वर्क होने की उम्मीद है, जबकि 30 प्रतिशत स्थायी नौकरियां होंगी, जिससे पता चलता है कि कंपनियां फ्लेक्सिबिलिटी और स्केल को संतुलित करने के लिए एक ब्लेंडेड वर्कफोर्स मॉडल अपना रही हैं। एनएलबी सर्विसेज के सीईओ सचिन अलुग ने कहा, हृ35 प्रतिशत से अधिक व्यवसाय अब अपनी दीर्घकालिक प्रतिभा रणनीति के एक घटक के रूप में फेस्टिव हायरिंग पर फिर से विचार कर रहे हैं। हम देख रहे हैं कि कंपनियां प्री-फेस्टिव स्किलिंग पहल में निवेश कर रही हैं, अपने वर्कफोर्स डायवर्सिटी के लक्ष्यों पर फिर से विचार कर रही हैं।हृ इसके अलावा, रिपोर्ट में बताया गया है कि कई बड़े क्यू-कॉमर्स और ई-कॉमर्स लेयर्स फेस्टिव सीजन के बाद भी इस बढ़े हुए वर्कफोर्स का 26 प्रतिशत हिस्सा बनाए रखेंगे, जो एक संरचनात्मक बदलाव की ओर इशारा करता है।

टियर 2 और टियर 3 शहरों में भी भर्ती में काफी बढ़ोतरी होगी, जो एक्टिव ग्रोथ सेंटर के रूप में अपनी भूमिका को मजबूत कर सकते हैं।भुवनेश्वर, कोच्चि, इंदौर, सूरत और नागपुर जैसे शहरों में गिग वर्क में 30-40 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने की उम्मीद है। इन शहरों के रिटेल और ई-कॉमर्स कंपनियों के लिए माइक्रो-फुलफिलमेंट हब के रूप में उभरने के साथ, पिछले फेस्टिव सीजन में टियर 2 शहरों में कुल गिग हायरिंग का 47 प्रतिशत हिस्सा था। यह आंकड़ा वित्त वर्ष 26 में 50 प्रतिशत तक बढ़ने की उम्मीद है। अलुग ने कहा, हालांकि, बेंगलुरु, मुंबई और दिल्ली जैसे मेट्रो शहर वॉल्यूम के मामले में मांग में आगे बने हुए हैं, असली ग्रोथ का रुझान स्पष्ट रूप से टियर 2 और टियर 3 शहरों की ओर बढ़ रहा है, जहां टैलेंट की सप्लाई मजबूत है और ऑपरेशनल लागत कम है।

न्यूज IN ब्रीफ

## प्राथमिक माध्यमिक जिला कार्यकारिणी शिक्षा समिति की मासिक बैठक संपन्न

**साहिबगंज :** जिला शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं परिणाममुखी बनाने हेतु समाहरणालय स्थित कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला शिक्षा स्थापना समिति प्राथमिक माध्यमिक व जिला कार्यकारिणी शिक्षा समिति की मासिक समीक्षात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त हेमंत सती ने की।बैठक में जिला शिक्षा पदाधिकारी दुर्गानंद झा, जिला शिक्षा अधीक्षक कुमार हर्ष, जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी उमेश कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## साइकिल यात्रा पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर समाप्त होगी

**साहिबगंज:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर देश मे 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक युवा फोर विकसित भारत 2025 को सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत साहिबगंज नगर में साइक्लोथाँन कार्यक्रम आयोजित किया गया है।जिसकी जानकारी भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य जयप्रकाश सिन्हा ने दी। उन्होंने बताया की 25 सितंबर को रेलवे जेनरल इंस्टिट्यूट मैदान से प्रारंभ होकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक चैती दुर्गा साहिबगंज पर साइकिल यात्रा समाप्त होगी।श्री सिन्हा ने कहा कि कार्यक्रम मे अधिक से अधिक लोगो को शामिल होने के लिए स्कूल के प्राचार्य,बच्चों समेत अभिभावक को आमंत्रण पत्र दिया जा रहा है।

## बाबा मंदिर प्रांगण स्थित सभी दानपात्रों को मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोला गया

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा द्वारा जानकारी दी गई कि बुधवार को बाबा मंदिर प्रांगण स्थित 18 दानपात्र को मंदिर प्रशासन की देखरेख में खोला गया। साथ ही गिनती के पश्चात दानपात्र से कुल आय 7,40,958 के अलावा नेपाली नगद- 1800, डॉलर- 101 दान स्वरूप प्राप्त हुआ। इससे अलावे मंदिर के दान पात्र को कड़ी सुरक्षा के बीच खोला गया। पात्र से निकले पैसे को गिनती के लिए मंदिर प्रशासनिक भवन में रखा गया।

## पेयजल स्वच्छता विभाग की कार्रवाई के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन



**गढ़वा:** पेयजल स्वच्छता विभाग ने एक साथ 42 अनुबंध कर्मियों को नौकरी से निकाल दिया है. नौकरी से निकाले गए कर्मियों ने विभाग की नीति की आलोचना की और नौकरी से निकालने पर जमकर नारेबाजी की. इस दौरान सभी कर्मियों ने फिर से नौकरी पर रखने की मांग की.

कर्मियों ने विभाग के पदाधिकारियों पर लगाया आरोप

जानकारी के मुताबिक नौकरी से निकाले गए कर्मी, 15 साल से विभाग में काम कर रहे थे लेकिन जब उन्हें ये पता चला कि उन्हें काम से हटाया जा रहा है वैसे ही सभी के पैरों तले जमीन खिसक गई. नौकरी से निकाले गए कर्मियों का आरोप है कि हम लोगों को हटाने के बाद, अब नई बहाली निकाली गई है, जिसमें विभाग में कार्यरत पदाधिकारियों के रिश्तेदारों को नौकरी दी जा रही है. एक कर्मी ने बताया कि यदि नई बहाली निकलना ही थी तो हम लोगों को क्यों नहीं रखा गया? हमने कौन सा काम खराब किया है.

नौकरी से निकालने से पहले नहीं दिया नोटिस

अनुबंध कर्मियों का कहना है कि ₹हम लोगों के बाल बच्चों का अब कौन भरण पोषण करेगा? अब तो उम्र भी निकल गई है. दूसरे विभाग में हम अप्लाई भी नहीं कर सकते हैं. माननीय न्यायालय द्वारा रोक भी लगाया गया है लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं है.₹ उन्होंने बताया कि स्वच्छता विभाग से लिखित बहाली हुई थी, कर्मियों ने बताया कि हटाने से पहले कोई नोटिस नहीं दिया गया है. हम लोगों का मानदेय भी मार्च 2024 से लेकर अभी तक बकाया है.

## सार्वजनिक भूमि पर अवैध कब्जा, ग्रामीणों में आक्रोश

**कोडरमा :** जिले के चंदवारा थाना क्षेत्र अंतर्गत थाम पंचायत के मौजा थाम पुरनाडीह में गैरमजरूआ सरकारी भूमि पर अवैध रूप से मकान निर्माण का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि रोहन यादव पिता स्व. भीखन यादव द्वारा रात के अंधेरे में निर्माण कार्य कराया जा रहा है। जब ग्रामीणों ने इसका विरोध किया तो उन्हें झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी दी गई। अवैध कब्जे से आक्रोशित ग्रामीणों ने निर्माण रोकने की मांग करते हुए बुधवार को चंदवारा सीओ को आवेदन सौंपा है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते प्रशासन ने कार्रवाई नहीं की तो सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण का सिलसिला बढ़ सकता है।

## जमशेदपुर में भीषण हादसा, खड़े कंटेनर से टकराई कार, चालक की मौत, बाप-बेटे समेत 5 घायल

जमशेदपुर : जमशेदपुर में भीषण हादसा, खड़े कंटेनर से टकराई कार, चालक की मौत, बाप-बेटे समेत 5 घायल सरायकेला जिला के ईचागढ़ थाना क्षेत्र के टाटा-रांची हाइवे (एनएच 33) पर आज दर्दनाक हादसा हो गया। दारुदा के पास तेज रफ्तार मारुति ईको कार ने सड़क पर खड़े एक कंटेनर को पीछे से टक्कर मार दी। गुरुवार सुबह हुई दुर्घटना में मारुति ईको कार के चालक देवव्रत प्रधान (41 वर्ष) की मौके पर मौत हो गई। चालक का शव वाहन में बुरी तरह से फंस गया। काफी मशक्कत के बाद गैस कटर से वाहन को काटकर निकाला गया।दुर्घटना में कार में सवार बाप-बेटे समेत पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने एंबुलेंस घायलों को चांडिल सीएचसी भेजा। घायल 63 वर्षीय सत्यव्रत प्रधान एवं 37 वर्षीय उसके बेटा मनोज प्रधान को प्राथमिक उपचार के बाद जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल रेफर कर दिया गया। कार सवार रांची की ओर से कोलकाता जा रहे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सरायकेला सदर अस्पताल भेज दिया है।

# स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान डीवीसी केटीपीएस में महिला स्वास्थ्य व जागरूकता पर जोर




**मेट्रो रेज संवाददाता**

**कोडरमा :** डीवीसी केटीपीएस के सीआईएसएफ सैनिक सम्मेलन कक्ष में ह्लस्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियानह्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ए. एम. मिश्रा, डीजीएमझ्रस्वास्थ्य सेवाएं ने की। इसका समन्वय वरिष्ठ प्रबंधकझ्र स्वास्थ्य सेवाएं डॉ. परमवीर कुमार द्वारा किया गया जबकि डॉ. सफलता मिन्ज, चिकित्सा अधिकारी, ने महिला स्वास्थ्य पर विस्तृत विचार रखे। अभियान का संदेश था कि यदि महिलाएँ शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से स्वस्थ होंगी तो परिवार की नींव और भी मजबूत, सामंजस्यपूर्ण और वफादार बनेगी। इस अवसर पर पाँच प्रमुख विषयों पर विशेष चर्चा हुई। महिला स्वास्थ्य एवं पोषण के तहत मातृ स्वास्थ्य, मासिक धर्म स्वच्छता, एनीमिया और जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों की रोकथाम पर जानकारी दी गई। प्रजनन एवं बाल देखभाल जागरूकता में परिवार नियोजन, सुरक्षित मातृत्व, टीकाकरण और बाल पोषण पर जोर दिया गया। मानसिक एवं सामाजिक कल्याण विषय में तनाव प्रबंधन और परिवार में लैंगिक समानता की आवश्यकता बताई गई। वहीं पारिवारिक मूल्य एवं सौहार्द पर घरेलू कलह कम करने, विश्वास और सहयोग बढ़ाने की बात रखी गई। अंत में महिला सशक्तिकरण पर कौशल विकास, शिक्षा, आत्मनिर्भरता और कानूनी अधिकारों की जानकारी दी गई। इस अभियान के लाभ भी रेखांकित किए गए। महिलाओं के लिए बेहतर स्वास्थ्य और आत्मविश्वास, परिवार के लिए स्थिरता व खुशी, समाज के लिए स्वस्थ पीढ़ियाँ और राष्ट्र के लिए संतुलित विकास। टीम डीवीसी केटीपीएस ने इस पहल के माध्यम से समाज को महिला स्वास्थ्य व सशक्तिकरण का महत्वपूर्ण संदेश दिया। वहीं कार्यक्रम को लेकर धन्यवाद ज्ञापन डीवीसी केटीपीएस टीम से नवीन कुमार ने किया।

## सर हमें है आप पर हमेशा है गर्व



बिनय मिश्रा

भारतीय पुलिस सेवा 2006 बैच के लोकप्रिय कर्मठ एवं उपलब्धि भरे कार्यों के लिए पहचाने जाने वाले आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन सिंह ने हमेशा अपने कार्यों से विभाग और राज्य को गौरवान्वित किया है।

श्री सिंह राज्य के संभवतः ऐसे अधिकारी हैं जिन्होंने मध्य प्रदेश सर्विस कमीशन में चयनित होकर अनुमंडल पदाधिकारी बने। इनका शिक्षा प्रेम भी अपने आप में आलौकिक है। श्री सिंह भारतीय पुलिस सेवा 2006 बैच के आईपीएस अधिकारी हैं। वे ग्रामीण एसपी जमशेदपुर, ग्रामीण एसपी रांची, ट्रैफिक एसपी रांची, सिमडेगा, गोड्डा एवं पाकुड़ के लोकप्रिय पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं। ट्रैफिक एसपी के रूप में इनके द्वारा बेहतर यातायात व्यवस्था आज भी याद किए जाते हैं और इनके कार्य को लोग आज भी याद करते हैं। राजीव लाईफ लाईन को लोग आज भी याद करते हैं। इनकी शिक्षा के प्रति लगाव और योगदान भी काफी प्रशंसनीय है। श्री सिंह जगुआर में भी पुलिस अधीक्षक रह चुके हैं।

## पाकुड़ में हिंसक झड़प से मचा हड़कंप, पथराव के साथ बमबाजी



### बच्चे समेत कई घायल

**संवाददाता**

**पाकुड़ :** जिले में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प हुई. इस दौरान पथराव के साथ बमबाजी भी हुई. इस घटना में एक 9 वर्षीय बच्चा सहित चार लोग घायल हो गए. सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाने की पुलिस घटना स्थल पहुंची. पुलिस के पहुंचते ही एक पक्ष के उपद्रवी मौके से फरार हो गए. पुलिस ने सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया है. हालांकि सभी खतरे से बाहर हैं.

कैसे शुरू हुई हिंसक झड़प

मिली जानकारी के मुताबिक सदर प्रखंड के देवतल्ला दक्षिण टोला स्थित मस्जिद में नमाज पढ़ने के बाद मोतीउर रहमान अपने घर जा रहे थे. इस दौरान पुल पर बैठे कुछ युवक मोतीउर से गाली-गलौज करने लगा. जब मोतीउर ने विरोध किया, तो युवकों ने उसके साथ मारपीट शुरू कर दी. कुछ ही देर बाद, दोनों पक्षों के परिवार आ गए और एक-दूसरे पर पथराव शुरू कर दिया. इसी बीच रेंटू शेख नामक व्यक्ति के पक्ष से बमबाजी करना शुरू कर दिया. लगातार दो बम फटने की आवाज से देवतल्ला गांव में हड़कंप मच गया.

इस देख स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना मुफस्सिल थाने को दी. सूचना मिलते ही थाना प्रभारी गौरव कुमार दलबल के साथ घटना स्थल पहुंचे. पुलिस को आता देख रेंटू शेख व उसके पक्ष में शामिल सभी लोग मौके से फरार हो गए. वहीं, पुलिस ने सभी चारों घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया.

कुल 11 लोगों को बनाया गया आरोपी

इधर, घटना को लेकर थाना प्रभारी गौरव कुमार ने बताया कि घायल मोतीउर शेख की पत्नी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज करते हुए रेंटू शेख सहित 11 लोगों को अभियुक्त बनाया गया है. सभी आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर संभावित ठिकानों पर छापेमारी की जा रही है. उन्होंने बताया कि घटनास्थल से दो सुतली बम बरामद किए गए, जिसे निष्क्रिय कर दिया गया है. जबकि दो बम का अवशेष जब्त किया गया. गांव में विवाद न बढ़े, इसके लिए पुलिस लगातार कैंप कर रही है.

# कल्याण विभाग की हुई समीक्षा बैठक



**संवाददाता**

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की ओर से संचालित विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में पूर्व के निदेर्शों के अतिरिक्त कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अपूर्ण योजनाओं को पूर्ण करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। साथ ही जिला, प्रखण्ड व पंचायत स्तर पर कार्य योजना बनाकर कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में प्रदर्शन को सुधारते हुए जमीनी स्तर पर कार्य करने का निदेश उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारियों को दिया।

इसके अलावे बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त ने जिला अन्तर्गत मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत प्रखण्डवार तरीके से आए हुए आवेदनों के निष्पादन एवं लंबित पड़े आवेदनों का निराकरण करते हुए जल्द से जल्द लाभुकों को लाभान्वित करने का निदेश दिया। आगे उपायुक्त ने यथा-पोस्ट मैट्रिक व प्री-मैट्रिक छात्रवृति योजना, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, अत्याचार राहत अनुदान, बिरसा आवास निर्माण, जाहेरस्थान घेराबंदी, कब्रिस्तान घेराबंदी, आदिवासी संस्कृति कला केंद्र निर्माण, एमएसडीपी, छात्रावास जीर्णोद्धार, माँझी भवन सहित अन्य योजनाओं पर विस्तृत समीक्षा करते हुए कड़े शब्दों में लंबित सभी आवेदनों का निराकरण तय समय अनुसार करने का निदेश जिला व प्रखण्ड स्तर के अधिकारियों को दिया। इसके अतिरिक्त प्रखंडवार साईकिल वितरण को लेकर की गयी तैयारियों की समीक्षा करते हुए जल्द से जल्द शत प्रतिशत बच्चों के बीच साईकिल वितरण कराने का निदेश दिया। आगे बच्चों मिलने वाली विभिन्न छात्रवृत्ति योजना से शत प्रतिशत सुयोग्य बच्चों को लाभान्वित करने का निदेश दिया। साथ ही मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना के तहत प्राप्त आवेदनों का प्रखंडवार समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारी व कर्मी को निदेशित करते हुए कहा कि गरीब एवं असहाय लोगों को उपरोक्त योजना के राशि का लाभ मिले तभी सही मायने में ये योजना साकार होगी। इस हेतु आप सभी चाहे वो जिला या फिर प्रखण्ड/अंचल के अधिकारी व कर्मी हो सभी एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करे।

बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी, सभी प्रखंडों के प्रखंड कल्याण पदाधिकारी, युआईडी के अधिकारी एवं संबंधित विभाग के अधिकारी व कर्मी आदि उपस्थित थे।

# दस हजार विजेताओं को मुक्त माय भारत के तरफ से उपहार मिलेंगे

**संवाददाता**

**साहिबगंज :** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वकांक्षी पहल माय भारत के अंतर्गत विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग भीबीवाईएलडी 2026 का आयोजन किया जा रहा है।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं को नेतृत्व,विचार -विमर्श और राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया में शामिल करना है।माय भारत साहिबगंज के जिला कार्यक्रम सहायक पदाधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि इस संवाद का लक्ष्य युवाओं को विकसित भारत के विजन से जोड़ना है।उन्होंने कहा कि यह अवसर युवाओं के लिए अपनी सोच,ऊर्जा और नेतृत्व क्षमता को सामने लाने का बेहतरीन मंच है।इस संवाद की शुरूआत माय भारत क्विज से होगी।जो 12 भाषाओं में आयोजित की जाएगी।उन्होंने बताया कि इस क्विज में 20 प्रश्न होंगे।सभी प्रश्न का उत्तर देने के लिए 10 मिनट का समय दिया जाएगा।कहा कि इस कार्यक्रम मे भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।प्रथम चरण प्रतियोगिता में भाग लेने की अंतिम तिथि 15 अक्टूबर 2025 निर्धारित है। सिर्फ 10000 विजेताओं को मुक्त माय भारत के तरफ से उपहार मिलेंगे। चयनित प्रतिभागियों को अगले चरण में जैसे निबंध,लेखन प्रस्तुति और संवाद सत्र में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए लिंक पर उपलब्ध है। जिसके तहत इस प्रतियोगिता में शामिल हो सकते हैं।श्री कुमार ने साहिबगंज जिले के सभी युवाओं से अपील करते हुए कहा कि इस प्रतियोगिता में बढ़-कर कर हिस्सा ले और विकसित भारत के निर्माण में अपनी अहम भूमिका निभाए।

# योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करें : उपविकास आयुक्त




**संवाददाता**

**देवघर :** जिले के उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नमन प्रियेश लकड़ा के निदेर्शानुसार बुधवार को जिले के उप विकास आयुक्त पीयूष सिन्हा की अध्यक्षता में मनरेगा, अबुवा आवास योजना, प्रधनमंत्री आवास योजना की प्रगति को लेकर बैठक का आयोजन समाहरणालय सभागार में आयोजित किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने प्रखण्डवार तरीके से जिला अन्तर्गत चल रहे अबुवा आवास योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहब अम्बेडकर आवास योजना के तहत चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित प्रखण्डों प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को कड़े शब्दों में निदेशित करते हुए कहा कि शेष बचे कार्यों को जल्द से जल्द पूर्ण करते हुए किस्त की राशि लाभुकों के खाते में हस्तांतरित करें। उप विकास आयुक्त ने कहा कि प्रखण्डवार तरीके से लंबित आवासों को पूर्ण करने के उदेश्य से चल रहे आवास पूरा अभियान के माध्यम से आवास निर्माण में आ रही कठिनाईयों व समस्याओं का निराकरण करते हुए क्षेत्र भ्रमण कर अधिक से अधिक लाभुकों को प्रेरित करते हुए अधिकाधिक आवास को पूर्ण कराये, ताकि शत प्रतिशत चिन्ह्ति लाभुकों के आवास निर्माण कार्य को पूर्ण किया जा सके। इसके अलावा बैठक के दौरान उप विकास आयुक्त श्री सिन्हा ने प्रखंड स्तर के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे योजनाओं को समयबद्ध तरीके से क्रियान्वित करें और उनकी प्रगति की नियमित निगरानी करें, ताकि कार्य तेज गति से पूर्ण किया जा सके। साथ ही बिरसा हरित ग्राम योजना, पीएम जनमन एवं मनरेगा के तहत प्रखण्डों में चल रहे कार्यों के अलावा पूर्ण हो चुके कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए संबंधित प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया। साथ ही बैठक के दौरान उपायुक्त ने बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्द्धन मिशन, ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा के तहत रोजगार देने की स्थिति की बिन्दुआर समीक्षा करते हुए प्रखण्ड व पंचायत स्तर के अधिकारियों को जमीनी स्तर पर कार्य करने का निदेश दिया। आगे उपायुक्त ने अपने-अपने क्षेत्रों में जमीनी स्तर पर बेहतर तरीके से कार्य करते हुए संचालित सभी पुरानी योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश संबंधित अधिकारियों व प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी को दिया। साथ हीं बैठक के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों के माध्यम से सभी रोजगार सेवक, पंचायत सचिव, बीपीओ को मनरेगा के कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया है। इसके अतिरिक्त उपविकास आयुक्त ने सभी प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को क्षेत्र भ्रमण कर सभी योजनाओं का निरीक्षण कर इन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करने का निदेश दिया।

मौके पर अपर समाहर्ता, डीआरडीए निदेशक, सभी प्रखण्डों के प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, सहायक जनसम्पर्क पदाधिकारी, सभी प्रखण्डों के बीपीओ व प्रखण्ड समन्वयक व संबंधित अधिकारी एवं कर्मी आदि उपस्थित थे।